खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 18°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

लखनऊ, रविवार 31 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 203 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 13 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत: केजरीवाल पेज 2



विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल्स में हारीं खेल टाइम्स



ट्रम्प की ईरान बैठक रही बेनतीजा, नहीं हो सका कोई फैसला या समझौता पेज 2



श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस वायरल बॉलीवुड

# राजस्थान के 5 जिलों में रेतीला बवंडर, दिन में छाया अंधेरा

## यूपी-बिहार में आंधी-तूफान से अब तक 48 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर रेतीला तूफान आया है। इसके कारण करीब 200 वर्ग किलोमीटर एरिया प्रभावित हुआ।

हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के रेतीले तूफान की शुरुआत हुई। इस दौरान 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली। रेतीले तूफान के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। तूफान के कारण दिन में लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलानी पड़ गई। इसके कई वीडियो सामने आए हैं। इनमें लोग भागकर घरों में जाते दिखे और घरों को बंद कर लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसा रेतीला तूफान पहले कभी नहीं देखा। धूल का गुबार 80-100 फीट ऊंचा था। हालांकि तूफान की ऊंचाई का आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है। इधर तूफान के असर से कई पेड़ उखड़ गए, लाइट पोल टूट गए। फिलहाल किसी की मौत की जानकारी सामने नहीं आई है। दरअसल पाकिस्तान से उठे तूफान का असर राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों पर हुआ है। उप्र में पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या 31 हो गई है। उधर बिहार में आंधी-तूफान से अब तक 17 लोगों की जान चली गई है। यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया गया है।



■ पाकिस्तान से उठे तूफान ने बदला मौसम, 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी, करीब 200 वर्ग किलोमीटर का एरिया हुआ प्रभावित


# उप्र में महंगी बिजली का करंट

## जून के बिल में लगेगा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को जून माह में अधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने वितरण कंपनियों को मार्च 2026 के बढ़े हुए विद्युत खरीद और पारेषण व्यय की भरपाई के लिए जून 2026 के बिलों में 10 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) वसूलने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार देर रात जारी आदेश के अनुसार मार्च 2026 के लिए निर्धारित यह अधिभार जून के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा। सूत्रों के अनुसार जुलाई माह में भी इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। प्रदेश में लगभग 3.73 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं और इस निर्णय का सीधा असर घरेलू, व्यावसायिक तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष तथा राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2026 में भी 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी, बिजली संकट, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच बिजली दरों में यह अतिरिक्त वृद्धि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी साबित होगी। वर्मा ने दावा किया कि विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के टैरिफ आदेश में स्वीकृत वास्तविक विद्युत क्रय लागत 4.94 रुपये प्रति यूनिट थी, जबकि मार्च 2026 में बिजली खरीद की कीमत लगभग 5.86 रुपये प्रति यूनिट दर्शाकर उपभोक्ताओं पर करीब 1,610 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने मांग की कि मार्च 2026 में महंगी बिजली किन निजी विद्युत उत्पादक कंपनियों से खरीदी गई और किन परिस्थितियों में खरीदी गई, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि मार्च माह के फ्यूल सरचार्ज में पूर्व अवधि के लगभग 1,400 करोड़ रुपये के दावों को भी शामिल किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। उपभोक्ता परिषद ने यह भी दावा किया कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के पास पहले से ही 51,000 करोड़ रुपये से अधिक का उपभोक्ता अधिशेष (कंज्यूमर सरप्लस) उपलब्ध है। ऐसे में अतिरिक्त अधिभार लगाने से पहले मामले को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा जाना चाहिए था।



■ इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार जुलाई में भी वसूला जाएगा!

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी से मारपीट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया। पूर्व सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा कि देखो उन्होंने मेरे साथ क्या किया है। यह पहले से प्लान था। इलाके में कोई पुलिस नहीं है। वे मुझे मारना चाहते हैं। हेलमेट की वजह से सिर बच गया। ऐसे हमलों से हम डरेंगे नहीं। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है।

### नीट व सीबीएसई के बाद सीयूईटी एग्जाम में भी गड़बड़ी

**नई दिल्ली।** 30 मई को तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट यानी सीयूईटी-यूजी की पहली शिफ्ट की परीक्षा दो घंटे देर से शुरू हुई। परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होनी थी, लेकिन ये बाद में दिन में 11 बजे से शुरू हो सकी। देश के कई परीक्षा केंद्रों पर सर्वर और सिस्टम में आई दिक्कतों की वजह से पेपर टाइम पर शुरू नहीं हो सका। कई जगह छात्रों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ केंद्रों पर छात्रों का दावा है कि 4 घंटे इंतजार के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई है। सीयूईटी एक कंप्यूटर बेस्ड एग्जाम है, जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए कराती है। एनटीए के मुताबिक, टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से तकनीकी गड़बड़ी के चलते एग्जाम देर से शुरू हुआ।

# राजीव कृष्ण ही होंगे यूपी के परमानेंट DGP

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी को 4 साल के इंतजार के बाद परमानेंट (स्थायी) पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिलने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ही यूपी के नए परमानेंट डीजीपी होंगे।

राज्य सरकार जल्द ही इसका आदेश जारी कर सकती है। यूपीएससी की गाइडलाइन और सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक, वह कम से कम 2 साल तक यूपी के डीजीपी रहेंगे। राजीव कृष्ण एक जून, 2025 से कार्यवाहक डीजीपी की कमान संभाल रहे हैं। दरअसल, यूपी सरकार ने परमानेंट डीजीपी को लेकर यूपीएससी को 19 आईपीएस के नाम भेजे थे।



■ रेणुका मिश्रा व पीयूष आनंद को छोड़ा पीछे

■ चार साल इंतजार करने के बाद नाम हुआ फाइनल

### डीके शिवकुमार होंगे कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार अब राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बनेंगे। बेंगलुरु में शनिवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस नेता चंद्रशेखर के मुताबिक, शपथ ग्रहण 3 जून को लोक भवन के ग्लास हाउस में होगा। सूत्रों के मुताबिक सीएम के साथ-साथ कैबिनेट भी बदलेगी। मौजूदा कैबिनेट से 10 मंत्री हटाए जा सकते हैं। इसमें सिद्धारमैया व मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे भी शामिल होंगे। 4 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं। शिवकुमार सीएम रोटेशनल फॉर्मूला के तहत मुख्यमंत्री बनाए गए हैं।

# फर्जी मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों में झूठे और दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मामलों के बढ़ते चलन पर कड़ी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि अदालतों और वकीलों दोनों की जिम्मेदारी है कि वे व्यक्तिगत रंजिश निकालने के लिए आपराधिक कानून के दुरुपयोग को हतोत्साहित करें।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज 10 से अधिक आपराधिक मामलों को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। इन मामलों में पोक्सो कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दुष्कर्म के आरोप भी शामिल थे। अदालत ने टिप्पणी की कि, वैवाहिक विवादों के क्षेत्र में तुच्छ और झूठे आरोपों पर आधारित दुर्भावनापूर्ण मुकदमों को न्यायालयों और बार के सदस्यों द्वारा हतोत्साहित किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किलों को जीवनसाथी के खिलाफ तुच्छ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाय ऐसा न करने की सलाह देनी चाहिए। पीठ ने अचिन गुप्ता बनाम हरियाणा सरकार के एक मामले में की गई टिप्पणी का भी जिक्र किया। उस फैसले में कहा गया था कि वकीलों पर सामाजिक जिम्मेदारी है कि वे पारिवारिक जीवन के सामाजिक ताने-बाने को टूटने से बचाएं। अदालत ने कहा था कि छोटे-छोटे विवादों को बढ़ा-चढ़ाकर आपराधिक शिकायतों का रूप नहीं दिया जाना चाहिए।



■ कोर्ट ने पति पर लगे दुष्कर्म समेत 10 केस किए खारिज

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

S. D. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Approved by AICTE & Affiliated to AKTU, College Code 083) (BTEUP. College Code 1528)
THE S.D. DEGREE COLLEGE
(Approved by AICTE & Affiliated to Maa Shakumbhari University, College Code 760)

BUILDING ENGINEERS FOR TOMORROW
FIRST INSTITUTE IN U.P. TO LAUNCH A ROCKET!

APPLY NOW



ADMISSIONS OPEN 2026-27

PROGRAM OFFERED
B.TECH | M.TECH (COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING) | DIPLOMA (CS | CE | ME | EE) | MBA

STRIVING FOR EXCELLENCE

B.TECH SPECIALIZATIONS:
Data Science
Artificial Intelligence
Computer Science & Engineering
Electronics & Comm. Engg.
Electrical Engineering
Civil Engineering
Mechanical Engineering

PROFESSIONAL COURSES:
BCA (BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS)
BBA (BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION)
B.Sc (BACHELOR OF SCIENCE) MATHS, PHYSICS, CHEMISTRY, MICROBIOLOGY, BOTANY & ZOOLOGY
BA (BACHELOR OF ARTS) HINDI, ENGLISH SOCIOLOGY, EDUCATION, HISTORY, DRAWING & POLITICAL SCIENCE
B.Com. (BACHELOR OF COMMERCE)

Transport and Hostel Facilities Available

Internal Research Projects 820+ | Books and Journals 37500+ | Internships 7800+ | Alumni Network 11500+ | MoUs 35+ | Research Publications 1200+ | Social Events 1200+

For Enquiries: 9258256931-39
www.sdcetmzn.org
Jansath Road, Muzaffarnagar, U.P.
Follow on @sdcetofficial @sdcetEnggMBA
SCAN QR CODE

## संक्षिप्त समाचार

### कपास के अक्टूबर तक आयात पर सीमा शुल्क में पूरी तरह छूट

**नई दिल्ली।** घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से, केंद्र ने कपास के आयात पर लगने वाले सभी सीमा शुल्कों से अस्थाई रूप से छूट दे दी है। शनिवार को जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार यह छूट 1 जून, 2026 से 30 अक्टूबर, 2026 तक लागू रहेगी। सरकार का कहना है कि इस अस्थाई शुल्क छूट से कपड़ा और परिधान क्षेत्र में कच्चे माल की लागत कम होने की उम्मीद है, जिससे निर्माताओं और उपभोक्ताओं को लक्षित राहत मिलेगी और साथ ही घरेलू किसानों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा।

### अफगानिस्तान में शरणार्थियों का ट्रक पलटा, 22 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के लघमान प्रांत के सोरखाकन इलाके में अफगान शरणार्थियों को ले जा रहा एक ट्रक शनिवार सुबह पलट गया, जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 36 अन्य घायल हो गए। नांगरहार के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रमुख, मौलवी अमीनउल्लाह शरीफ ने पज्वोक समाचार एजेंसी को यह जानक. ारी दी। एक प्रवासी वाहन के पलटने से महिलाओं एवं बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई।

### पूर्व सांसद नीलम सोनकर को राहत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले की एक अदालत ने भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नीलम सोनकर को दो पुराने चुनावी मामलों में बड़ी कानूनी राहत प्रदान की है। अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे वापस लेने की अनुमति देते हुए नीलम सोनकर सहित सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

## चार शांतिरक्षकों को सम्मानित करेगा यूएन
### इनमें भारतीय मेजर अभिलाषा बराक भी शामिल

**संयुक्त राष्ट्र, वार्ता**



संयुक्त राष्ट्र(यूएन) ने 'अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस' के अवसर पर सेवा, साहस और बलिदान के लिए भारत की मेजर अभिलाषा बराक सहित चार यूएन शांतिरक्षकों को सम्मानित करने की घोषणा की है।

यह पुरस्कार आगामी पांच जून को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएंगे। भारतीय सेना की मेजर अभिलाषा बराक को उनके असाधारण कार्य और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उन्होंने शांति मिशन के दौरान महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा की पुरजोर वकालत करते हुए जमीनी स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वैश्विक मंच पर उनके इस अद्वितीय योगदान को सराहते हुए ही उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।

वर्तमान में मेजर अभिलाषा बराक दक्षिणी लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र मिशन की भारतीय बटालियन में सामुदायिक संपर्क टीम की कमांडर और लैंगिक समन्वय अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने वहां व्यापक जनसंपर्क अभियानों का सफल नेतृत्व करते हुए पांच हजार से अधिक महिलाओं और लड़कियों तक अपनी पहुंच बनाई है। मेजर बराक ने विपरीत परिस्थितियों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचार-आधारित उपाय भी शुरू किए हैं। इस वर्ष तीन अन्य अंतर्राष्ट्रीय शांतिरक्षकों को भी सम्मानित किया जा रहा है। इनमें यूक्रेन के सर्गेई प्रिखोदको को मरणोपरांत प्रतिष्ठित 'कैप्टन म्बाए डियान पदक' से सम्मानित किया जाएगा।

वहीं उरुग्वे के सार्जेंट मातियास रेएस को भी 'कैप्टन म्बाए डियान पदक' प्रदान किया जाएगा, जबकि जर्मनी की इंस्पेक्टर स्टेफनी कोनिग्स को सर्वश्रेष्ठ महिला पुलिस अधिकारी के पुरस्कार से विभूषित किया जाएगा।

## ट्रम्प की ईरान के साथ बैठक बेनतीजा खत्म

**वाशिंगटन, वार्ता**



**नहीं हो सका कोई फैसला या समझौता, दुनिया को सिर्फ इंतजार**

ईरान अमेरिका समझौते को लेकर विशेष कक्ष में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दो घंटे लंबी चलने के बाद भी दुनिया को सिर्फ इंतजार ही हाथ लगा है।

इस बैठक में खाड़ी में चल रही जंग को लेकर आखिरी फैसले पर बातचीत हुई और अंतिम फैसले का भरोसा दिया गया, लेकिन यह बैठक आखिरकार बेनतीजा खत्म हो गई। जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस के खास कमरे, सिचुएशन रूम में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम की बैठक बुलाई, तो बनाए गए माहौल से यह उम्मीद की जा रही थी कि वे किसी फैसले के साथ बाहर आएंगे। उन्होंने दिन की शुरुआत में ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर इसके संकेत भी दिए थे कि ईरान के साथ एक अस्थाई व नाजुक समझौते पर अंतिम फैसला होने वाला है, लेकिन दो घंटे बाद वे बिना कुछ बोले बाहर निकल गए और दुनिया इंतजार करती रह गई। बैठक के बाद कोई घोषणा नहीं की गई और न ही किसी समझौते की पुष्टि हुई। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने केवल इतना संक्षिप्त आश्वासन दिया कि ट्रम्प केवल वही समझौता करेंगे, जो अमेरिका के लिए अच्छा हो और उनकी शर्तों को पूरा करता हो, जो कि तथ्य से ज्यादा एक रणनीतिक रुख को दर्शाता है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने बाद में ट्रुथ सोशल के जरिए कहा कि अगले नोटिस तक कोई धनरा. शि ली या दी नहीं जाएगी और बहुत कम महत्व की अन्य वस्तुओं पर सहमति बन गई है। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या वे होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और परमाणु वार्ता शुरू करने के लिए ईरान के साथ उभर रहे समझौते पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं। इस बैठक में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसका मुख्य फोकस दो जुड़े हुए लक्ष्यों पर था, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत की दोबारा शुरुआत करना। ट्रम्प ने अपने शुरुआती पोस्ट में जलमार्ग को खोलने के साथ-साथ कई कड़ी मांगें रखी थीं। ईरान ने अमेरिका की इन मौजूदा शर्तों पर किसी भी समझौते को सार्वजनिक रूप से खारिज कर दिया है। ईरानी अधिकारियों का कड़ा रुख है कि जब तक विदेशी बैंकों में जब्त पड़ी उनकी लगभग बारह बिलियन डॉलर की संपत्ति को जारी नहीं किया जाता, तब तक कोई सार्थक बातचीत शुरू नहीं हो सकती। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि किसी भी सहमति पत्र को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और न ही इस बात की कोई पुष्टि है कि निचले स्तर के वार्ताकारों द्वारा चर्चा किए जा रहे इस मसौदे को ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व ने मंजूरी दी है।

## यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट, 14 जिलों में होगी भारी बारिश
# बारिश व आंधी से 31 लोगों की मौत, परिंदे भी मरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुजफ्फरनगर समेत 46 जिलों में हवाओं के साथ वज्रपात का औरेंज अलर्ट जारी, चित्रकूट में पेड़ गिरने से 500 तोते मरे**

**लखनऊ।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 46 जिलों में तेज आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 14 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

गुरुवार देर रात से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ तथा बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से आ रही नम हवाओं के प्रभाव से प्रदेष्ठा के अनेक हिस्सों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बारिश हुई। राजधानी लखनऊ सहित पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम सुहावना हो गया। तराई क्षेत्र में भी अच्छी वर्षा दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर सबसे अधिक वर्षा वाला जिला रहा, जहां 32 मिमी बारिश हुई। हाथरस में 30 मिमी तथा बिजनौर, हमीरपुर और जालौन में 20-20 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सीतापुर, बदायूं और झांसी समेत कई जिलों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, संत रविदास नगर (भदोही), देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीता. पुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बांदा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में भारी वर्ज़ा की चेतावनी जारी की गई है। चित्रकूट में आंधी-बारिश की चपेट में आकर करीब 500 तोते मारे गए हैं। पेड़ों के गिरने और तेज हवाओं से पक्षियों के झुंड बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### मानसून में 35 करोड़ पौधे लगाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से योगी सरकार ने पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारियां तेज कर दी हैं। मानसून सत्र के दौरान जनसहभागिता के माध्यम से प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है।

## सूर्या चौहान हत्याकांड के दोषियों को सजा मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मायावती ने चौहान की हत्या को बताया दुखद**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गाजियाबाद जिले के खोड़ा क्षेत्र में नौजवान सूर्या चौहान के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग की है। सुश्री मायावती ने हत्या की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अति दुखद और चिंताजनक बताया और प्रदेश सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने कहा कि यूपी के जिला गाजियाबाद में खोड़ा के एक नौजवान युवक सूर्या चौहान की हुई हत्या की घटना अति दुखद व चिंताजनक है। इस तरह की घटनाएं आएदिन सामने आ रही हैं, जिनकी रोकथाम के लिए शासन और प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने मांग की कि इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें कानूनी रूप से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी चेताया कि जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जाएगा, ऐसी घटनाओं के व्यापक दुष्परिणाम होंगे। अतः सरकार पूरी तरह सतर्क रहे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75867.80
निफ्टी 23907.15

सोना 156000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 263000 प्रति किलो

## भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य मजबूत सतर्कता की जरूरतः वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, वार्ता**



**कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, वित्तीय परिस्थितियां प्रतिकूल हो रही हैं**

वित्त मंत्रालय ने विभिन्न संकेतकों के हवाले से भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य को मजबूत बताया, लेकिन साथ ही पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सतर्कता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। वित्त मंत्रालय की शनिवार को जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार सेवा क्षेत्र का निर्यात मजबूत है, देश के पास विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त भंडार है और बाजार में स्थिरता है, जो एक मजबूत आधार प्रदान करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, निकट भविष्य में देश का (आर्थिक) परिदृश्य मजबूत है, लेकिन सतर्कता की जरूरत है।

वैश्विक माहौल में चुनौतियां बढ़ने का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, वित्तीय परिस्थितियां प्रतिकूल हो रही हैं और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की रफ्तार सुस्त पर रही है। ये सभी कारक भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नकारात्मक हैं। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद घरेलू उद्योगों, विषेशकर निर्यातकों की मदद के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का भी जिक्र किया गया है। इनमें एमएसएमई के लिए 2.55 लाख करोड़ की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम 5.0 और कोल/लिगनाइट गैसीफिकेशन स्कीम शामिल हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिपोर्ट की मुख्य बातें साझा करते हुए सिर्फ मार्च तक के आंकड़ों का उल्लेख किया है। औद्योगिक उत्पादन के अप्रैल के आंकड़े महीने के अंतिम कार्यदिवस पर 29 मई को जारी किए जाने थे, लेकिन ये अभी जारी नहीं हुए हैं। खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के अप्रैल के आंकड़े जारी हो चुके हैं, लेकिन मुख्य बातों में मार्च के आंकड़ों को रखा गया है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट रही

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,654 रुपए गिरकर 1.56 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते सप्ताह यानी 23 मई को 1. 58 लाख रुपए पर था। वहीं चांदी 2.66 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.63 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 2,650 रुपए कम हुई। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है।

## उप्र के 1.40 लाख से अधिक स्कूलों का होगा सेफ्टी ऑडिट

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं जोखिम आकलन (रिस्क असेसमेंट) कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत राज्य के 1,40,555 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार इस अभियान में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को शामिल किया गया है। सरकार का उद्देश्य लाखों विद्यार्थियों को अधिक सुरक्षित और संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में विद्यालयों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के आधार पर निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारी, स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। साथ ही संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके निवारण के लिए विस्तृत सुझाव भी तैयार किए जाएंगे। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के गवर्नमेंट ई- मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से चयनित एजेंसी बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड (बीसीसीएल) के साथ समझौता किया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुरेंद्र कुमार तिवारी, निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल तथा बीसीसीएल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी कुलदीप पाठक और मुख्य प्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख बृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत : केजरीवाल



**पेपर लीक मामले पर आप ने पीएम को घेरा**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीप पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने पेपर लीक और इसे रोकने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है। मौजूदा केंद्र सरकार नीट पेपर लीक की जड़ तक पहुं. चने के बजाय अनपढ़ों जैसी बात कर रही है। सरकार कह रही है कि नीट में पेपर लीक रोकने के लिए वायु सेना के जहाज इस्तेमाल किए जाएंगे। क्या इससे पेपर लीक रूकेगा? उन्होंने कहा कि वास्तविकता तो यह है कि पेपर लीक रोकने की सरकार की नीयत ही नहीं है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह माफिया के चंगुल में आ चुकी है। अगर व्यवस्था को ठीक करना है, तो सबको मिलकर कुछ करना होगा। अकेले किसी के कुछ करने से नहीं होगा। केजरीवाल ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि मैं खुद आईआईटी से इंजीनियर हूं, पढ़ा-लिखा हूं। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझता हूं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता। शुक्रवार को हमारे देश की सरकार ने एलान किया है कि अब नीट के पेपर को लीक होने से बचाने के लिए एयरफोर्स के जहाज और एयरफोर्स के बुलेट प्रूफ ट्रकों से उसे ट्रांसपोर्ट करेंगे। यह क्या मजाक बना रखा है? क्या हमें बेवकूफ समझा जा रहा है? केजरीवाल ने कहा कि पूरी दुनिया में इतने बड़े-बड़ पेपर होते हैं, लेकिन क्या कहीं सुना है कि एयरफोर्स से उन्हें ट्रांसपोर्ट किया जाता है? क्या कहीं इस किस्म की नौटंकी सुनी है? केवल और केवल इस सरकार को नौटंकी करनी आती है। यह दिखाने के लिए कि हमने कितना बड़ा कदम ले लिया। पेपर लीक होने से बचाने के लिए हम यह सब कर रहे हैं। सिस्टम को ठीक करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।

## खेत बचाओ अभियान एक जून से 30 तक देशभर में चलेगा: शिवराज चौहान

**नई दिल्ली, वार्ता**



**खेत में जाकर किसान का दी जाएगी स्थिति विशेष की सलाह**

उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल, मिट्टी की जांच, जैविक खाद को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्रीय कृषि मंत्रालय का 'खेत बचाओ अभियान' एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगा। अभियान का लक्ष्य है कि खेत बचे, लागत संभले, मिट्टी सुधरे, किसान जागरूक बने और गांव स्तर पर कृषि प्रबंधन की नई संस्कृति विकसित हो।

एक सरकारी विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'खेत बचाओ अभियान' को खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाला व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाने का संदेश दिया है। इस अभियान की तैयारी के संबंध में चौहन ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक लेकर अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाने पर रखने की बात कही। श्री चौहान ने कहा कि जून महीने भर चलने वाले 'खेत बचाओ अभियान' को प्रभावी और परिणामकारी बनाने के लिए इसका फोकस खेत बचाने, लागत संतुलित करने और किसान को सही समय पर सही मार्गदर्शन देने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान ऊपर से नीचे तक नहीं, बल्कि पंचायत से लेकर राज्य और केंद्र तक साझी भागीदारी के मॉडल पर चलेगा। उन्होंने सबसे खास बल इस बात पर दिया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य होगा। किसानों को मिट्टी की जांच, संतुलित और सही मात्रा में खाद तथा अन्य कृषि आगतों के उपयोग के बारे में जागरूक करने, हरी खाद, जैविक और जैव- उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में बताने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि आने वाले समय को लेकर जो मौसम संबंधी चिंता जताई जा रही है, उसके मद्देनजर किसानों को व्यावहारिक सलाह दी जाएगी कि वे क्या करें, क्या न करें, कौन-सी फसल लें, कहां फसल विविधीकरण अपनाएं और कम पानी या जोखिम की स्थिति में कौन-से विकल्प बेहतर रहेंगे। अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं, बल्कि खेत-स्तर पर किसान को स्थिति-विशेष के अनुरूप सलाह देना होगा। बैठक में यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर इस अभियान को मजबूत आधार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर मशीनों का वितरण, योजनाओं का लाभ और जहां संभव हो वहां सरकारी कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष लाभ भी इसी अभियान के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। चौहान ने यह भी कहा कि अभियान को केवल विभागीय दायरे में सीमित नहीं रखा जाएगा।

### बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष से मांगे एक करोड़

**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए से जान से मारने की धमकी दी गई है। अज्ञात व्यक्ति ने उनसे 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। शुरुआती जांच में यह नंबर जम्मू-कश्मीर का बताया जा रहा है, हालांकि साइबर टीम की मदद से आरोपियों की तलाश जारी है। सिद्दीकी को 25 से 27 मई के बीच मोबाइल नंबर 8899162823 से धमकी भरे संदेश आए। आरोपी ने यूपीआई और बैंक ट्रांसफर के जरिए 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक की मांग की। उसी संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट और उदय भानु चिब को बम से उड़ाने की भी बात कही गई है। आरोपी ने दावा किया कि इन नेताओं ने उसका अपमान कर पार्टी से निकाल दिया, जिसका बदला वह लेना चाहता है।

# प्रबंधन की मनमानी से प्रदेश की बिजली व्यवस्था गंभीर संकट में



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि शीर्ष प्रबंधन के एकतरफा एवं अव्यावहारिक निर्णयों ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है।

राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में उपभोक्ता बिजली संबंधी समस्याओं से परेशान हैं और बिजली कर्मी अत्यधिक कार्यभार, संसाधनों की कमी तथा उत्पीड़नात्मक नीतियों के बीच कार्य करने को विवश हैं। आज उपभोक्ता यह तक नहीं समझ पा रहा है कि उसकी समस्या के समाधान के लिए वास्तविक जिम्मेदार अधिकारी कौन है। नई व्यवस्था में शिकायत निस्तारण को 1912 हेल्पलाइन और आनलाइन पोर्टलों तक सीमित कर दिया गया है। शिकायतें तो दर्ज हो रही हैं, लेकिन उनका समयबद्ध समाधान नहीं हो पा रहा है। गलत बिलिंग, मीटर संबंधी समस्याएं, लंबे विद्युत अवरोध तथा तकनीकी खामियों के कारण आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में उत्तर प्रदेश की विद्युत मांग देश में सर्वाधिक स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे समय में प्रदेश के बिजली कर्मचारी एवं अभियंता माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों के अनुरूप उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ दिन-रात कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद पावर कारपोरेशन प्रबंधन कर्मचारियों एवं अभियंताओं से संवाद तक करने को तैयार नहीं है। संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग की विफल व्यवस्था की तत्काल समीक्षा कर उसे वापस लिया जाए, अनुभवी संविदा कर्मियों की सेवाएं पुनः बहाल की जाएं, सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां समाप्त की जाएं तथा कर्मचारियों एवं अभियंताओं को विश्वास में लेकर व्यावहारिक एवं जवाबदेह व्यवस्था लागू की जाए।

# हिस्ट्रीशीटर ने खुलेआम की हवाई फायरिंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में वर्चस्व की जंग एक बार फिर सड़कों पर दिखाई दी। झूंसी थाना क्षेत्र के लाल चौक इलाके में सरायइनायत थानाक्षेत्र निवासी हिस्ट्रीशीटर मानवेन्द्र सिंह उर्फ जेलर ने खुलेआम हवाई फायरिंग करके क्षेत्र और सडक पर दहशत फैला दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। झूंसी थानाध्यक्ष ने मामले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मानवेन्द्र सिंह अपराधी प्रवृति का है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पवन गोस्वामी और उसके बीच किसी बात को लेकर वर्चस्व की जंग चल रही है। उसी के तहत उसने हवाई फायरिंग की। उसे हिरासत में लेने का प्रयास तेजी से चल रहा है। इसके बाद उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।


## एक नजर

### GNRF ने ईदुल अजहा के मौके पर प्रशासन को किया सम्मानित



**कुंदरकी।** ईदुल अजहा की नमाज सकुशल संपन्न कराने पर जी एन आर एफ की टीम ने ईदगाह पर कुंदरकी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी को शील्ड देकर सम्मानित किया और भीषण गर्मी में ईदगाह आने वाले लौगो को ठंडे पानी के पाउच वितरित कर नमाजीयों की प्यास बुझाई इस अवसर पर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरकान कादरी हाजी साजिद अत्तारी फरहान अकरम मुहम्मद अली गुलाम मुस्तफा अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### जहरीला पदार्थ खाने से ग्रामीण की मौत



**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव इमरतपुर सिरसी में शुक्रवार को एक अधेड़ व्यक्ति की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी दयाराम (56) पुत्र रामशुक्ल ने शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिस पर परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दयाराम ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की गई है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### थाना मैनाठेर पुलिस को बड़ी सफलता: शातिर चोर गिरफ्तार, जेवरात, वैगनआर कार और तमंचा बरामद



**मुरादाबाद।** थाना मैनाठेर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के जेवरात, एक वैगनआर कार और अवैध तमंचा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत वाहन चेकिंग के दौरान डींगरपुर रोड के पास ग्राम रसूलपुर अड्डे से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद हुई। पूछताछ और बरामदगी के आधार पर पुलिस ने कई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। बरामद सामान में सोने-चांदी के आभूषण, पाजेब, झुमकी, नथ, हार, अंगूठियां और अन्य कीमती जेवर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और चोरी जैसी घटनाओं में शामिल बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पुलिस टीम के इस गुडवर्क की सराहना की है।

### आज मनाई जाएगी देवऋषि नारद जयंती

**मुरादाबाद।** विश्व संवाद केंद्र, मुरादाबाद इकाई द्वारा आज 31 मई को देवऋषि नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता के 200वें वर्ष के उपलक्ष्य में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी का विषय ष्डिजिटल मीडिया के युग में पत्रकारिताष रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन अपराह्न 3:00 बजे से अमर वाटिका, बुद्धि विहार, मुरादाबाद में होगा। गोष्ठी में पत्रकारिता, संवाद, सामाजिक दायित्व तथा डिजिटल युग में मीडिया की भूमिका एवं चुनौतियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। विश्व संवाद केंद्र के विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रदेव मासिक के संपादक श्री सुरेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विशेष गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग होंगे, जबकि अध्यक्षता डॉ. राजेश शुक्ला, विभागाध्यक्ष, जनसंचार विभाग, आईएफटीएम विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी। डॉ. जैन ने बताया कि देवऋषि नारद को भारतीय परंपरा में सृष्टि का प्रथम संवादवाहक एवं आदर्श पत्रकार माना गया है।

लोकमंगल की भावना से प्रेरित उनकी संवाद शैली आज भी पत्रकारिता के लिए प्रेरणास्रोत है। उल्लेखनीय है कि विश्व संवाद केंद्र, मुरादाबाद द्वारा पिछले चौदह वर्षों से निरंतर नारद जयंती उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकार, मीडिया इन्फ्लुएंसर्स तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन एकत्र होकर समसामयिक विषयों पर चिंतन-मंथन करते हैं। आयोजकों ने सभी पत्रकार बंधुओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता का आग्रह किया है।

# टीएमयू डेंटल स्टूडेंट्स ने ली शपथ: 'न तंबाकू का उपयोग करेंगे, न किसी को करने देंगे'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से विश्व तंबा. कू निषेध दिवस-2026 की पूर्व संध्या पर डेंटल स्टूडेंट्स और फैकल्टीज ने तंबाकू के उपयोग न करने और न करने देने की शपथ ली। तंबाकू परामर्श केंद्र में पेशेंट्स की साइटोलॉजी स्मीयर जांच और स्मोक एनालाइजर उपकरण के जरिए परीक्षण भी किया गया। टीएमयू डेंटल कॉलेज के टोबेको काउंसलिंग सेंटर- टीसीसी में साइटोलॉजिकल स्मीयर टेस्ट के जरिए कैंसर होने के जोखिमों की जांच की गई। इस टेस्ट में मुंह के अंदर बने छालों के सैंपल लेकर स्लाइड बनाकर तत्काल कैंसर की जांच की जाती है। इसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने स्क्रीनिंग एवं परामर्श सेवाओं का लाभ लिया। विश्व तंबा. कू निषेध दिवस की थीम श्अनमास्किंग द अपील- काउंट्रिंग निकोटीन एंड टोबेको एडिक्शनश रही। इस मौके पर डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े, उप-प्राचार्य डॉ. अंकिता जैन, प्रो. जैनुल आबिदीन की गरिमामयी उपस्थिति रही। टीएमयू डेंटल कॉलेज के इंटर्न्स स्टूडेंट्स- साक्षी झा, साक्षी जयसवाल, ऋचा रानी, पुंडीर, कनक शर्मा आदि ने ओपीडी परिसर में नुक्कड़ नाटक के जरिए तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों को बताते हुए तम्बाकू और धूम्रपान से होने वाली समस्याएं और तम्बाकू की लत को छोड़ने के तरीकों को विस्तार से बताया। विशेष सेल्फी प्वाइंट पर और डॉ. ईशा सक्सेना ने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों और इसकी रोकथाम एवं त्याग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इंटर्न्स और







विकास सिंह, डॉ. स्मृति सक्सेना, ओरल पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. रिषभ गुप्ता, शुभम पांडे, शिवांश जोशी एवं बीडीएस फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स- खुश जैन, शिवम लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक में स्टूडेंट्स ने स्टूडेंट्स ने सेल्फी लेकर तंबाकू विरोधी संदेश को बढ़ावा दिया। एमडीएस की डॉ. तुलिका सक्सेना बीडीएस स्टूडेंट्स की ओर से तंबा. कू जागरूकता और तंबाकू त्याग पर पोस्टर भी प्रस्तुत किए गए।

# रक्तदान, नेत्रदान देहदान की प्रेरणा के लिए लगेंगे स्लोगन

**मुरादाबाद।** सी एल गुप्ता आई बैंक की बैठक सी एल गुप्ता आई अस्पताल में ज्ञानेंद्र गांधी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चिंतन किया गया कि आकस्मिक स्थिति में किसी व्यक्ति का जीवन रक्त के अभाव में काल कवलित न हो तथा देश से अंधता दूर करने के संकल्प को पूरा करने में सी एल गुप्ता आई बैंक द्वारा चलाए जा रहे अभियान को पूरा करने के लिए महानगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, पार्को, चिकित्सालयों, प्रमुख संस्थाओं के द्वारो पर, बैंकों में स्कूल -कालेजों के प्रमुख स्थानों , धार्मिक स्थलो पर ष्जीते -जीते रक्तदान, जाते - जाते नेत्रदान और यदि हो सके तो देहदानष के स्लोगन लगायें जायेंगे ताकि समाज में इनके प्रति जागरूकता आये।

बैठक में सरदार गुरविंदर सिंह, डा आशी खुराना, डा नवनी गर्ग,निर्मल मेहता,गरीमा सिंह रवि टंडन, संजीव वर्मा, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, संदीप खन्ना एडवोकेट, राजकुमार,आभा रस्तोगी, विशाल आनंद, श्रद्धा शर्मा,दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम के संस्थापक की 19वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद् एवं आईएफ टीएम के संस्थापक स्व. ओंकार सरन कोठीवाल की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने स्व. ओंकार सरन कोठीवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित की गई समस्त उपलब्धियों का श्रेय स्व. ओंकार सरन कोठीवाल को देते हुए सभी उपलब्धियों को उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में 90 के दशक में शिक्षा की अलख जगाने वाले स्व. ओंकार सरन कोठीवाल के उत्कृष्ट योगदान और सभी के प्रति उनके



अपार स्नेह को उपस्थित लोगों के साथ साझा किया।

कुलपति प्रो. पाण्डेय एवं सभी उपस्थितों ने स्व. ओंकार सरन कोठीवाल की अपेक्षाओं पर खरा उतरने हेतु उनके द्वारा प्रदीप्त इस ज्योति को सदैव आलोकित करने का संकल्प लिया। प्रो. पाण्डेय ने कहा कि हम सभी के प्रयास से विश्वविद्यालय को वैश्विक पहचान मिलेगी।

इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति एकेडेमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार, स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह, स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य', आईक्यूएसी के निद. ेशक डॉ. आर.के. यादव, चीफ कैम्पस इंजीनियर चन्द्रशेखर नागिला समेत कई अन्य शिक्षक गणों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी स्व. ओंकार सरन कोठीवाल की प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पुरुषोत्तम मास में महिला मंडल ने किया सुंदरकांड पाठ

**चन्दौसी।** सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में शनिवार को गीता सत्संग महिला मंडल की ओर से पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के माहौल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी का स्मरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान जी का ध्यान एवं स्तुति कर सुंदरकांड पाठ आरंभ किया गया।

पूरे पाठ के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और महिलाओं ने श्रद्धा भाव से पाठ में सहभागिता की। ग्रुप संयोजिका इंदु अग्रवाल ने बताया कि सुंदरकांड पाठ मुख्य रूप से संकटों से मुक्ति, मानसिक शांति तथा मनोक. ामना पूर्ति के लिए किया जाता है। इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल, अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, वित्त मंत्री रानी अग्रवाल, उपाध्यक्ष मीरा अग्रवाल, मंत्री सीमा अग्रवाल, नीरा एरन, आशा रस्तोगी, प्रतिमा अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, निशा, शोभा, नीलम, रेनू, शशि वाला, रीता, रेखा, प्रीति, सुनीता चीनी सहित महिला मंडल की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# आजादी के आंदोलन में हिंदी अखबारों की प्रमुख भूमिका थी: नरेश भारद्वाज

## वर्तमान युग मे राष्ट्रवाद व जनहित की पत्रकारिता को नई दिशा देनी होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जनर्लिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल रजि.(उ प्र) के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन पाकबड़ा



स्थित एक बैंकट हाल में किया गया,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने तथा संचालन जिला महासर्. चव दीपक कपूर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व साथी पत्रकारों का सम्मान मुख्य अतिथि नरेश भारद्वाज व प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता के द्वारा सयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता,राष्ट्रहित और संवाद की शक्ति पर जोरदार मंथन किया गया जिले भर के पत्रकारों ने पत्रका. रिता के बदलते स्वरूप,उसकी जिम्मेदारियों और समाज पर उसके प्रभाव को लेकर चर्चा का दौर चलता रहा। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में हिंदी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 30 मई 1826 को कलकत्ता से हिंदी का पहला समाचार पत्र उदन्त मार्त्तण्ड का प्रकाशन हुआ था इसलिये 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान देश के विभिन्न विभिन्न हिस्सों से प्रकाशित होने बाले समाचार पत्रों ने भी प्रमुख रूप से अपनी भूमिका निभाते हुए हमेशा राष्ट्रवाद और जनहित की पत्रकारिता को नई दिशा दी थी उन्होंने पत्रकारों से आह्वान करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल खबर देने का माध्यम नही,बल्कि समाज को जागरूक और सकारात्मक दिशा देने का सशक्त दायित्व भी है उन्होंने अपील की बह अपने दायित्वो का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देवर्षि नारद सृष्टि के प्रथम पत्रकार थे नारद मुनि केवल सन्देश वाहक ही नही बल्कि नीति युद्ध कला और समाज को दिशा देने बाले महान संचालक थे उन्होंने कहा कि असज पत्रकारों को राष्ट्र हित व समाज सुधार की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए जिला महासर्. चव दीपक कपूर ने अपने सम्बोधन में पत्रकारों से कहा कि आज पत्रकारिता का स्तर गिरता जा रहा है आप लोगो को आगे बढ़कर पत्रकारिता का मस्तक ऊंचा करना होगा बर्तमान में निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता ही लोकतंत्र की असली ताकत है,आज की आधुनिक पत्रकारिता जहाँ पत्रकारों के लिये बड़ा आकर्षक का केंद्र है बही इस क्षेत्र में जोखिम व खतरे भी बहुत है व सुविधाएं न के बराबर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनुज विश्नोई,आकाश विश्नोई,कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता,मिडिया प्रभारी सुनील तोमर,मोहीत गुप्ता पूनम सागर, नरेश सागर, जसवीर सिंह, संजीव सिंह,इफ्तिकार अर्शी,संदीप वर्मा,गुलशन गुप्ता इसके अलाबा प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सतीश अग्रवाल एवं विधिक सलाहकार मोहित शर्मा मौजूद रहे।

# शराब के लिए रुपये न देने पर देवर ने भाभी से की मारपीट

**चन्दौसी।** कैथल गांव में शराब के लिए रुपये मांगने को लेकर देवर और भाभी के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि रुपये न देने पर देवर ने अपनी भाभी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे महिला को चोटें आईं। पीडिघ्ता ने मामले की शिकायत कोतवाली में करते हुए कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि उसका देवर शराब पीने का आदी है और अक्सर शराब के लिए उससे रुपये मांगता रहता है। रुपये न मिलने पर वह विवाद करने के साथ गाली-गलौज भी करता है। कुछ दिन पूर्व भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा और रुपये मांगने लगा। मना करने पर उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान उसे कई स्थानों पर चोटें आईं। साथ ही झगड़े के दौरान उसके कान का एक टॉप्स भी कहीं गिर गया। घटना के बाद महिला अपने पुत्र कार्तिकेय के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी देवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर के मोहल्ला नसीराबाद स्थित वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा ने हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास, महत्व और वर्तमान समय में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है। पत्रकार निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर समाज की समस्याओं, जनभावनाओं और महत्वपूर्ण मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और पत्रकारों की जिम्मेदारी समाज को सही दिशा देने





में अहम होती है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका सभासद डॉ. प्रखर वशिष्ठ के मेडिकल स्टोर पर पत्रकारों को सम्मान स्वरूप डायरी और पेन भेंट किए गए। वहीं गुरु नानक अकैडमी स्कूल में भी पत्रकारों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले पत्रकारों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए हिन्दी पत्रकारिता के मूल्यों, चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर चर्चा की तथा पत्रकारिता को और अधिक सशक्त एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया। समारोह का वातावरण सौहार्दपूर्ण रहा। कार्यक्रम में विनोद गंगवार, चंकी पाण्डेय, इकरार हुसैन, संजीव श्रीवास्तव, कृपाल सिंह दिवाकर, विनोद कुमार श्रीवास्तव, शावेज मलिक, चन्द्रपाल मौर्य, धीरेन्द्र गंगवार, संजीव गुप्ता, विपिन तिवारी, विकास वशिष्ठ, इमरान हुसैन, पंकज मौर्य सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा व मोटरसाइकिल बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस एवं एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुलिस मुठभेड़ में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार 26 मई 2026 को थाना सिविल लाइन में एक मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें वादी के भाई को दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा सिर में गोली मारकर घायल करने का आरोप था। मामले की विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त रवि पुत्र झम्मन सिंह निवासी ग्राम चंदनपुर थाना पटवाई का नाम प्रकाश में आया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत शुक्रवार को थाना सिविल लाइन पुलिस और एसओजी टीम कोसी नदी से आश्रम पद्धति रोड पर गश्त एवं चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर वह कच्चे रास्ते से भागने लगा, लेकिन बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरा देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस तथा बिना नंबर की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## तेज आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बिजली व्यवस्था ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मसवासी।** शनिवार दोपहर बाद आई तेज आंधी और बारिश से क्षेत्र का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। हालांकि क्षेत्र में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। शनिवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज रफ्तार हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया, वहीं तेज आंधी ने काफी नुकसान भी पहुंचाया। टांडा-बाजपुर मार्ग के किनारे कई पेड़ टूटकर हाईटेंशन लाइनों पर गिर गए, जिससे मसवासी और आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आंधी और बारिश का असर किसानों पर भी पड़ा है। तेज हवाओं से मिर्च की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों में मायूसी का माहौल है। फसल को हुए नुकसान का आकलन किसान अपने स्तर पर कर रहे हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को पेयजल समेत अन्य दैनिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग की टीमें




बिजली व्यवस्था बहाल करने में जुटी हुई हैं। अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि आंधी के कारण कई स्थानों पर तार क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली लाइनों की मरम्मत और तार जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है तथा जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## तेज आंधी, तूफान और बारिश कहर

### पेड़ गिरे, बिजली व्यवस्था ठप, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शनिवार शाम अचानक मौसम ने करवट बदल ली। तेज आंधी, तूफान और बारिश ने पूरे क्षेत्र में कहर बरपा दिया। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। कई जगह पेड़ और टिनशेड गिरने की घटनाएं सामने आईं, जबकि बिजली आपूर्ति भी घंटों बाधित रही। शाम के समय अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में धूल भरी आंधी के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। तेज हवा के कारण बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुकानदारों को सामान समेटना पड़ा और राहगीर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़क पर गिर गईं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। कुछ इलाकों



में बिजली के तार क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति बंद हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज बारिश और तूफान का असर देखने को मिला। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं तेज तूफान ने काफी नुकसान भी पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द बिजली व्यवस्था सुचारु कराने और सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटवाने की मांग की है।

## मार्केट में सांडों का आतंक, दो सांडों की भिड़ंत से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को बंगाली चौराहे और बजरंग चौक के निकट दो सांड आपस में भिड़ गए, जिससे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। काफी देर तक दोनों सांड सड़क पर एक-दूसरे से लड़ते रहे, जिसके कारण राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांडों की भिड़ंत इतनी तेज थी कि आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। कई वाहन चालकों को अपने वाहन रोकने पड़े, जबकि कुछ लोग सुरक्षा के लिए दुकानों और गलियों की ओर भागते नजर आए। हालांकि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन लोगों में डर का माहौल बना रहा। स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर में आवारा सांडों की संख्या



लगातार बढ़ रही है। इससे पहले भी कई बार सांडों के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा कई लोग घायल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं अथवा सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। उनका कहना है कि बाजार और मुख्य मार्गों पर आवारा सांडों की मौजूदगी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। लोगों ने जल्द कार्रवाई कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# बजरंग दल कार्यकर्ताओ पर मारपीट का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला भूबरा से काशीपुर स्थित फैक्ट्री में मजदूरी करने जा रहे दो भाइयों समेत तीन युवकों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओ पर रास्ते में रोककर मारपीट करने और जातिस.ूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की है और जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब आठ बजे मोहल्ला भूबरा निवासी इशू और दीपक पुत्र गौतम तथा विशाल पुत्र अमर सिंह काशीपुर स्थित चीमा फैक्ट्री में काम पर जाने



के लिए निकले थे। आरोप है कि अंबेडकर पार्क के निकट कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और कहासुनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। घटना के दौरान अंबेडकर चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पीड़ित युवकों की मां गीता मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि उनके साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनके दांत टूट गए और उन्हें चोटें आईं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी जुटाई। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी सोहन पाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस को एक पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पांच साल बाद जेल से रिहा होकर रामपुर पहुंचे अजहर अहमद खां, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खां लगभग पांच वर्ष बाद बिजनौर जेल से रिहा होकर अपने समर्थकों के काफिले के साथ रामपुर पहुंचे। उनके शहर पहुंचने पर समा.जवादी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आजम खां के चाहने वालों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जगह-जगह फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। अजहर अहमद खां के आवास पर भी बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान कई लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और रिहाई पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाजवादी नेता आसिम खां ने अजहर अहमद खां को बधाई देते हुए कहा कि वह मोहम्मद आजम



खां के मजबूत सिपाही और वफादार साथी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस मजबूती और निष्ठा के साथ अजहर अहमद खां ने आजम खां और अब्दुल्ला आजम खां का साथ दिया है, वह अपने आप में एक मिसाल है। आसिम खां ने अजहर अहमद खां को गले लगाकर उनका स्वागत किया और कहा कि उनके समर्थकों के लिए यह खुशी का अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी राहत मिलेगी और वे अपने समर्थकों के बीच मौजूद होंगे। अजहर अहमद खां की रिहाई के बाद उनके आवास पर दिनभर समर्थकों का आना-जाना लगा रहा तथा लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देकर उनके स्वस्थ एवं सफल भविष्य की कामना की।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 30 मई 2026 को नगर स्थित गुरु नानक एकेडमी में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों के समाज और लोकतंत्र के प्रति महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन विशेष शर्मा एवं उपाध्यक्ष रिजवान खान ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। मीडिया समाज को जागरूक बनाने, जनहित के मुद्दों को उठाने तथा सही और निष्पक्ष जानक.ारी आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने पत्रकारों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास और पारदर्शिता बनाए रखने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह के



दौरान विभिन्न समाचार पत्रों, टीवी चौनलों एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों को विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में संजीव श्रीवास्तव, शावेज मलिक, चंकी पांडेय, कृपाल सिंह, विपिन तिवारी, इकरार हुसैन, इमरान हुसैन, धीरेन्द्र गंगवार, संजीव गुप्ता, चंद्रपाल मौर्य, रोहिताश मणि, विनोद गंगवार, शब्बन मियां, राजीव कुमार, शाकिर, विनोद श्रीवास्तव एवं विकास वशिष्ठ प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके



अलावा नगर पालिका परिषद के सभासद प्रखर वशिष्ठ नें भी मिलक के पत्रकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्मानित पत्रकारों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रका.रिता के मूल्यों, चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## जमीन के नाम पर चार लाख रुपये हड़पने का आरोप, एसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जमीन के सौदे के नाम पर धोखाधड़ी कर चार लाख रुपये हड़पने तथा विरोध करने पर गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए दो लोगों ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है। शावेज अंसारी निवासी मोहल्ला लाल मस्जिद एवं राहुल कुमार सागर निवासी ग्राम चिकना, पोस्ट पटवाई ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि स्मिता पत्नी दिनेश कुमार निवासी लक्ष्मी नगर, थाना सिविल लाइन्स ने एक प्लॉट का सौदा कर उनसे 4 लाख रुपये प्राप्त किए। शिकायतकर्ताओं के अनुसार 20 हजार रुपये नकद तथा 3 लाख 80 हजार रुपये आरटीजीएस के माध्यम से दिए गए थे। आरोप है कि बाद में जानकारी हुई कि जिस प्लॉट का सौदा किया गया था, वह पहले ही

> मेरी छवि को धूमिल करने के लिए कुछ राजनीतिक लोगों ने षड्यंत्र रचा है जबकि मेरा इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है और न ही मेरा किसी से किसी प्रकार का कोई लेनदेन हुआ है।
>
> **( दिनेश कुमार )**

किसी अन्य व्यक्ति को बेचा जा चुका है। पीड़ितों का कहना है कि रुपये वापस मांगने पर उन्हें गाली-गलौच की गई तथा जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने 7 मई 2026 को थाना सिविल लाइन्स में भी प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से मामले में एफआईआर दर्ज कर संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

## बीजेपी करती है नफरत व हिंसा की राजनीति

### टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले पर बोले अखिलेश

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर में तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की घटना ने यूपी में राजनी.तिक तनाव बढ़ा दिया है। इस मामले पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है।अखिलेश यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि बंगाल में टीएमसी के महत्वपूर्ण नेता अभिषेक बनर्जी पर जानलेवा हमला करवाकर बीजेपी सरकार ने साबित कर दिया है कि वह नफरत और हिंसक राजनीति के सिवा कुछ नहीं कर सकती। इतने संवे.दनशील माहौल में पुलिस की नाकामी साजिश की ओर इशारा करती है, यह घोर निंदनीय है। अभिषेक बनर्जी सोनारपुर क्षेत्र में पोस्ट-पोल हिंसा से प्रभावित परिवारों से मिलने गए थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने उन पर कच्चे अंडे फेंके और हंगामा किया। घटना में अभिषेक बनर्जी के साथ उनकी सुरक्षा टीम के सदस्य भी झड़प में शामिल हुए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। तृणमूल कांग्रेस ने इस हमले को साजिश बताते हुए बीजेपी पर राज्य में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सोनारपुर इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं।

## राष्ट्रीय चिंतन शिविर की तैयारियों पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ईद-उल-अजहा के अवसर पर नैनीताल रोड स्थित बिलासपुर गेट के पास संगठन के जिला कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने उपस्थित किसान भाइयों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे, प्रेम तथा सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि ईद-उल-अजहा का पर्व त्याग, बलिदान, इंसानियत, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करने का संद.ेश देता है। उन्होंने सभी लोगों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि



8 से 11 जून तक हरिद्वार में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का राष्ट्रीय चिंतन शिविर आयोजित होगा। इसमें रामपुर जनपद के किसान भी रेल मार्ग से हरिद्वार पहुंचेंगे। शि.विर में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मुद्दों पर मंथन किया जाएगा तथा रामपुर के किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान फरीद खां, बाबर खां, समर खां, मुताहिर खां, सूरजपाल यादव, बब्लू राजपूत, अब्दुल रज्जाक खान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## आंधी-तूफान एवं भारी वर्षा की चेतावनी जारी, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद में आंधी-तूफान, गरज-चमक के साथ भारी वर्षा तथा 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा, कुछ स्थानों पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम की गंभीर चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी, सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, खंड विकास अधिकारियों एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आमजन को तत्काल सतर्क एवं जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप, सोशल मीडिया, ग्राम पंचायत स्तर पर मुनादी तथा अन्य उपलब्ध माध्यमों से लोगों तक मौसम संबंधी सूचना पहुंचाई जाए। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों के अंदर सुरक्षित रहें तथा पेड़ों, बिजली के खंभों और जर्जर भवनों से दूरी बनाए रखें। अनावश्यक यात्रा से बचें और खुले स्थानों व जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से परहेज करें। लोगों से मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं का पालन करने की भी अपील की गई है। किसी भी आपात स्थिति अथवा दुर्घटना की सूचना के लिए नागरिक जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर 8445161506, 0595-2350404 तथा टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से घबराने के बजाय पूरी सतर्कता बरतने और सुरक्षित रहने की अपील की है।

# चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, सात गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने चोरी-छिनतई करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी उत्तम (20), बुलंदशहर के दीपेश (19), गौरव (22) व सूरज (18), साकीपुर के दीपक भाटी (26) व रोहित भाटी उर्फ रैन्चो (22) और अलीगढ़ के रोहित के रूप में हुई है। उनके कब्जे से तीन लाख की सोने की चेन, चार किलोग्राम तांबा और दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ चोरी, लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के दर्जनों मामले दर्ज हैं।



डीसीपी, सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि ओमिक्रोन-3 सर्विस रोड और एलएंडटी सर्विस रोड, साकीपुर से अभियान के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने हाल के दिनों में दो जगहों पर चोरी की थी। पहली घटना साकीपुर में 19 मई को हुई। आरोपियों ने एक महिला को विश्वास में लेकर उनके गले से सोने की चेन चोरी कर ली थी। आरोपी दीपक भाटी और रोहित भाटी के पीड़िता से पारिवारिक संबंध भी थे। इसी का फायदा उठाकर उन्होंने चेन गायब कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दीपक, रोहित, सूरज और रोहित को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ में दूसरी चोरी का भी खुलासा हुआ। इसी गिरोह के सदस्य उत्तम, दीपेश और गौरव ने 30 जनवरी को जैतपुर स्थित इलेक्ट्रिक दुकान को निशाना बनाया था। आरोपियों ने रात के समय दुकान से बिजली के तार की चोरी की थी। तारों को जलाकर निकाले गए तांबे को बेचने की तैयारी चल रही थी। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने करीब चार किलोग्राम तांबा बरामद किया है। गिरोह के कई सदस्य पिछले सात साल से अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे हैं। अब तक 20 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके है।

# शुभकामना बिल्डटेक पर सीबीआई का शिकंजा, धोखाधड़ी मामले में 10वीं चार्जशीट दाखिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आवासीय परियोजनाओं में निवेश करने वाले हजारों खरीदारों से धोखाधड़ी के मामलों में सीबीआई ने ग्रेटर नोएडा स्थित शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ 10वीं चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई के अनुसार, जांच में सामने आया कि शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों ने साजिश के तहत बड़ी संख्या में घर खरीदारों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए झूठे आश्वासन व भ्रामक प्रचार का सहारा लिया, लेकिन उनसे प्राप्त धनराशि का उपयोग वादों के अनुरूप परियोजना को पूरा करने के लिए नहीं किया।

जांच के दौरान जुटाए गए दस्तावेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सीबीआई ने सक्षम न्यायालय में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप-पत्र दाखिल किया है। इसमें आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक न्यास भंग (क्रिमिनल ब्रीच ऑफ ट्रस्ट) जैसी धाराएं शामिल हैं। सीबीआई का दावा है कि जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं, जिनसे प्रथम दृष्टया आरोपित कंपनी और उसके निदेशकों की भूमिका सामने आई है। अब आगे की सुनवाई संबंधित न्यायालय में होगी। सीबीआई फिलहाल देशभर में बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ दर्ज 50 मामलों की जांच कर रही है। इनका जिम्मा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद सीबीआई को सौंपी गई थी।

**पूर्व में कई बिल्डर कंपनी के खिलाफ दाखिल हो चुके हैं आरोप-पत्र:** एजेंसी के अनुसार, इससे पहले भी कई प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किए जा चुके हैं।

इनमें रुद्रा बिल्डवेल कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड, ड्रीम प्रोकोन प्राइवेट लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, एवीजे डेवलपर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, सीएचडी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, सीक्वेल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिक्स सिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मंजू जे होम्स इंडिया लिमिटेड आदि शामिल हैं। कुछ मामलों में बैंकों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है।

## मेट्रो स्टेशन के समीप युवक से मोबाइल लूटा

**नोएडा।** सेक्टर डेल्टा वन मेट्रो स्टेशन के समीप एक युवक से बाइक सवार बदमाश मोबाइल लूटकर ले गए। तिलपता करनवास गांव के रहने वाले चेतन कुमार ने पुलिस को बताया कि वह 17 मई को डेल्टा वन मेट्रो स्टेशन के समीप से गुजर रहा था। इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश उसका मोबाइल झपटकर ले गए। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सेवानिवृत अधिकारी से निवेश के नाम पर 22 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने 75 वर्षीय बुजुर्ग से 21.94 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद अब साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर 76 स्थित सोसाइटी में रहने वाले प्रभात कुमार सिन्हा पूर्व में छत्तीसगढ़ की एक स्टील कंपनी में कार्यरत रहे हैं और सेवानिवृत्ति के बाद नोएडा में रह रहे हैं। इसी साल जनवरी में अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनसे सोशल मीडिया और मोबाइल पर संपर्क किया और निवेश योजनाओं में कम समय में अधिक लाभ का झांसा दिया। ठगों ने स्वयं



को निवेश विशेषज्ञ बताकर विभिन्न माध्यमों से विश्वास हासिल किया और उन्हें अलग-अलग बैंक खातों में धनराशि भेजने के लिए प्रेरित किया। सात जनवरी से 17 जनवरी के बीच कई किस्तों में रकम ट्रांसफर कराई गई। धनराशि आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, यस बैंक और अन्य खातों में भेजी गई। साइबर ठगों ने निवेश पर आकर्षक रिटर्न दिखाकर बुजुर्ग को भरोसे में लिया। जब उन्होंने निवेश की गई रकम और लाभ वापस लेने का प्रयास किया तो आरोपियों ने संपर्क तोड़ दिया। इसके बाद उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। अलग-अलग तारीखों पर 19 हजार 412 रुपये, चार बार दो लाख रुपये, 2.25 लाख रुपये, 3.50 लाख रुपये, 5 लाख रुपये और तीन लाख रुपये सहित कई ट्रांजेक्शन किए। कुल मिलाकर उनके खाते से 21 लाख 94 हजार 412 रुपये निकल गए। पीड़ित का कहना है कि यह उनकी जीवनभर की मेहनत की कमाई और सेवानिवृत्ति के बाद की बचत का बड़ा हिस्सा था।

**पोर्टल पर भी शिकायत:** मामले की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी दर्ज कराई गई। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि संबंधित बैंक खाताधारकों, मोबाइल नंबर धारकों और अन्य सहयोगियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और ठगी गई राशि की रिकवरी कराई जाए। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि निवेश संबंधी ठगी के मामलों में अपराधी सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, टेलीग्राम और फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। शुरुआती चरण में कुछ लाभ दिखाकर लोगों का भरोसा जीता जाता है और बाद में बड़ी रकम निवेश कराने के बाद खाते बंद कर दिए जाते हैं।

**इन बातों का ध्यान रखें:** असामान्य या अत्यधिक रिटर्न का दावा करने वाली योजनाओं से सतर्क रहें। किसी भी निवेश प्लेटफॉर्म की वैधता सेबी और अन्य नियामक संस्थाओं की वेबसाइट पर जांचें। अनजान व्यक्तियों द्वारा भेजे गए निवेश लिंक, ऐप या ग्रुप ज्वाइन न करें। निवेश से पहले परिवार, वित्तीय सलाहकार या बैंक से परामर्श अवश्य लें। ठगी का संदेह होते ही तुरंत 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

**डिजिटल सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा करें:** वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवार के सदस्यों को समय-समय पर डिजिटल सुरक्षा संबंधी जागरुकता प्रदान करनी चाहिए। साइबर अपराधी अब केवल तकनीकी कमजोरियों का नहीं, बल्कि लोगों के विश्वास और बेहतर भविष्य की उम्मीद का भी फायदा उठा रहे हैं। विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को निवेश संबंधी किसी भी प्रस्ताव पर निर्णय लेने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करना आवश्यक है।

## एक नजर

### 13 साल पुराने अपहरण के मामले में दोषी को 10 साल की सजा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** 13 वर्ष पुराने अपहरण व कार लूट मामले में गौतमबुद्धनगर की फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय ने दादरी निवासी आरोपी पवन कुमार को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी को लूट, बंधक बनाने और मारपीट के अपराध में दोषी पाया, जबकि चोरी का माल रखने के आरोप से बरी कर दिया। अदालत ने पीड़ित को जुर्माने की राशि में से 10 हजार रुपये बतौर प्रतिकर देने का भी आदेश दिया है। मामला फेज-2 थाना क्षेत्र से जुड़ा है। पीड़ित 4 अप्रैल, 2013 की रात सेक्टर-110 स्थित दुकान के पास कार खड़ी कर फल खरीद रहे थे। इसी दौरान दो बदमाशों ने बंदूक की नोक पर उन्हें उनकी कार में बैठा लिया और सुनसान क्षेत्र की ओर ले गए। सुभरा गांव के पास पीड़ित के किसी तरह भागने पर आरोपियों ने उन पर गोली भी चलाई। उसके बाद पीड़ित की तहरीर पर 5 अप्रैल, 2013 को प्राथमिकी दर्ज की गई।

### महिला के साथ मारपीट, चार पर प्राथमिकी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के सांई डिफेंस रेजिडेंसी कॉलोनी में एक महिला के साथ गाली-गलौंज कर मारपीट की गई। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ित महिला ने दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम् निवासी अनुराधा परिवार के साथ रहती है। वह सांई डिफेंस रेजिडेंसी कॉलोनी में काम करती हैं। 10 मई को वह अपनी साइड पर घूम रही थी । तभी वहां पर अतुल नागर, अक्षय नागर व उनके साथ दो अन्य लोग आए। महिला के साथ गाली-गलौंज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो मारपीट, जोर जबरदस्ती करने लगे। जब घटना की वीडियो बनानी शुरू की तो फोन छीनने लगे। अतुल ने मुंह पर घूंसा मार दिया। जिससे होट फट गया और दांत पर चोट लगने से घायल हो गई। घटना की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी गई। सूचना देने पर आरोपी फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। डरी सहमी महिला ने अप बीता हाल बताया। अतुल नागर, अक्षय नागर व दो अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

### स्पार्क मिंडा कंपनी में भीषण आग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा की एक कंपनी में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। आग लगने के बाद कंपनी में हड़कंप मच गया। घटना सेक्टर-59 स्थित स्पार्क मिंडा कंपनी की है। शनिवार शाम अचानक भीषण आग लगने अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही फैक्ट्री परिसर और आसपास के इलाके में माहौल अजीब बन गया। कंपनी में आग लगने से उठ रहा घना काला धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दिया। इससे आपसपास के लोग भी दहशत में आ गए। आग लगने की घटना की जानकारी तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर दमकल की पांच गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। घटना में अब तक किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। स्पार्क मिंडा कंपनी में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दूर-दूर तक धुएं का गुबार फैल गया। पूरे सेक्टर में धुएं का असर दिखा। पूरा आसमान धुआं से भरा रहा। धुएं के कारण विजिबिलिटी लो होने की बात कही। अब तक घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, आग लगने की अन्य वजहों की भी बात कही जा रही है। आग पर पूरी तरह काबू पाने की कोशिश की गई। दमकल विभाग की ओर से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। आग लगने के कारणों को लेकर कई प्रकार की बातें कही जा रही है। शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। स्थानीय पुलिस और फायर विभाग की टीमें मौके पर मौजूद हैं।

**बनाया गया सुरक्षा घेरा:** नोएडा सेक्टर 59 की कंपनी में आग लगने के बाद आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा घेरा बनाया गया। इसके बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घटना को लेकर सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि अभी तक किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। आग पर काबू पाने के बाद नुकसान का आकलन किए जाने की बात कही जा रही है।

# नोएडा कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल, 23 उपनिरीक्षकों के तबादले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में प्रशासनिक आवश्यकताओं और कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सेंट्रल नोएडा में 23 उपनिरीक्षकों (एसआई) के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी आदेश में विभिन्न थाना क्षेत्रों, चौकियों और पुलिस इकाइयों में तैनात उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। कई अधिकारियों को थाना फेस-2, बिसरख, सूरजपुर, सेक्टर-63, सेक्टर-142, इकोटेक-3 और बादलपुर क्षेत्र से हटाकर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं कुछ अधिकारियों को महत्वपूर्ण चौकियों और थाना क्षेत्रों का प्रभारी भी बनाया गया है।

तबादला सूची में जगमोहन सिंह, दुश्यंत तंवर, रितिक सिंह राजावत, राहुल कुमार, आरती शर्मा, आश्या चौधरी, सुनील कुमार, ललित कुमार, निशांत भाटिक, महेश चौधरी, हरेंद्र सिंह, देशपाल सिंह, कृष्ण कुमार समेत 23 उपनिरीक्षकों के नाम शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस फेरबदल से विभिन्न क्षेत्रों में पुलिसिंग को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा तथा अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा संबंधी कार्यों में तेजी आएगी।

## पशुओं के लगेंगे टीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में ग्रामीण क्षेत्रों में दुधारू पशुओं को बरसात के दौरान होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए टीके लगाए जाएंगे। पशु पालन विभाग की ओर से करीब 2.48 लाख पशुओं को टीके लगाने की योजना है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार सचान ने बताया कि बरसात और उमस वाली गर्मी के दौरान दुधारू पशुओं के गला घोट की बीमारी होने की संभावना रहती है। इसलिए पशुओं को इन बीमारियों से बचाने के लिए हर साल टीके लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि एक जून से यह अभियान शुरू होगा।

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला कारागार का मासिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के निर्देशों के क्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर शिवानी रावत द्वारा आज जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का मासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार एवं उप जेलर सुरजीत सिंह उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार ने अवगत कराया कि वर्तमान में जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में 2417 बंदी निरुद्ध हैं। सचिव द्वारा पुरुष बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही बंदियों के मुकदमों से संबंधित कार्डों का अवलोकन किया गया तथा उन्हें उपलब्ध अधिवक्ताओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी गई। पूछताछ के दौरान बंदियों ने बताया कि सभी बंदियों के पास अपने निजी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता उपलब्ध हैं। सचिव द्वारा बंदियों से संबंधित अभिलेखों एवं कार्डों को नियमित रूप से अद्यतन किए जाने के संबंध में जेलर, जिला कारागार गौतमबुद्धनगर को निर्देशित किया गया। इसके उपरांत सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थापित चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। जनरल वार्ड में उपचाराधीन बंदियों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य, मुकदमों की स्थिति तथा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच हेतु पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनेक बंदी रात्रि भोजन की तैयारी करते हुए पाए गए।

# 1.29 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट में एक गिरफ्तार

- **लेन-देन के लिए ठगों को बैंक खाते देता था, देश भर में 12 शिकायतें दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले 21 साल के कैब चालक आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपए की साइबर ठगी मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस उसे खोज रही थी। आरोपी को दिल्ली के निहाल विहार स्थित उसके आवास से दबोचा गया।



पुलिस के अनुसार आरोपी साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम कर रहा था। ये मजदूरों और अन्य लोगों को पैसों का लालच देकर उनके खाते ठगों को देता था। साइबर क्राइम थाना पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपए की ठगी से जुड़े वित्तीय लेन-देन की पड़ताल की जा रही थी। इसी क्रम में कुछ बैंक खातों में संदिग्ध ट्रांजैक्शन सामने आए।तकनीकी और बैंकिंग साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आकाश कुमार तक पहुंची। जांच में पता चला कि आरोपी पेशे से कैब चालक है, लेकिन अतिरिक्त कमाई के लालच में उसने अपना बैंक खाता साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया और बाद में अन्य खातों की व्यवस्था कराने में भी उनकी मदद करने लगा।

**आर्थिक रूप से कमजोर थे टारगेट:** साइबर ठग अक्सर ऐसे लोगों को निशाना बनाते हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं या जल्दी पैसा कमाने की चाह रखते हैं। उन्हें कमीशन का लालच देकर बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक और इंटरनेट बैंकिंग की सुविधाएं हासिल कर ली जाती हैं। बाद में इन्हीं खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने और अपराध की रकम को छिपाने के लिए किया जाता है।

**खाते के संबंध में 12 शिकायतें दर्ज:** जांच के दौरान राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर आरोपी के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। पुलिस को जानकारी मिली कि उसके खातों से जुड़े साइबर अपराधों की कुल 12 शिकायतें विभिन्न राज्यों में दर्ज हैं। इनमें महाराष्ट्र, तेलंगाना, हरियाणा और गुजरात समेत कई राज्यों के मामले शामिल हैं।

# निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सलारपुर कॉलोनी में शनिवार सुबह एक निर्माणाधीन मकान में काम करते समय मजदूर तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि सलारपुर गांव निवासी विजेंद्र भड़ाना के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार सुबह निर्माण स्थल पर कई मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान सदरपुर कॉलोनी निवासी 43 वर्षीय रामचरण का तीसरी मंजिल पर काम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़े। हादसे में रामचरण को गंभीर चोटें आईं।

मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत उपचार के लिए नोएडा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए इलाज शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह एक दुर्घटना प्रतीत हो रही है। पुलिस के अनुसार मृतक रामचरण मूलरूप से ललितपुर जिले के रहने वाले थे और वर्तमान में सदरपुर कॉलोनी में रहकर मजदूरी का काम करते थे। घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है। परिजन नोएडा पहुंच रहे हैं। इस मामले में परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है।

# तकनीकी खामी के कारण सीयूईटी परीक्षा रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-64 स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र में शनिवार को आयोजित सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) परीक्षा तकनीकी खामी के कारण रद्द कर दी गई। सुबह से परीक्षा देने पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद परीक्षा शुरू नहीं हो सकी।

परीक्षा रद्द होने की घोषणा के बाद छात्रों ने केंद्र के बाहर एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। छात्रों ने आरोप लगाया कि वे सुबह नौ बजे की परीक्षा के लिए निर्धारित समय पर केंद्र पहुंच गए थे। लंबी कतारों के बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश मिला, लेकिन वहां भी अव्यवस्थाएं थीं। अभ्यर्थियों के मुताबिक, उन्हें एक से दो घंटे तक परीक्षा शुरू होने का इंतजार करना पड़ा। कई कमरों में पंखे भी नहीं चल रहे थे, जिससे भीषण गर्मी में छात्रों को परेशानी हुई।

**परीक्षा सुबह 9 बजे से थी:** प्रदर्शन में शामिल एक छात्र अनुज ने बताया कि उनके भाई की परीक्षा सुबह 9 बजे से थी। अनुज उन्हें सुबह 6:30 बजे केंद्र छोड़कर गए थे और दस बजे लेने पहुंचे, लेकिन तब तक कोई छात्र बाहर नहीं आया था। केंद्र के अंदर से लगातार तकनीकी कारणों से परीक्षा शुरू न होने की घोषणा की जा रही थी।

# बारिश से कई सेक्टरों में बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आंधी-बारिश से शनिवार को शहर के कई सेक्टरों में बिजली गुल हो गई। बिजली बाधित होने से काफी देर तक लोगों को परेशान होना पड़ा। बारिश थमने के बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। जगह-जगह बाधित बिजली को लेकर उपभोक्ताओं ने निगम के कंट्रोल रूम में शिकायत भी दर्ज कराई, फिर भी समाधान नहीं हो सका। इससे लोगों का विद्युत निगम के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। विद्युत निगम बिजली की मांग कम होने होने बाद भी उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति नहीं दे पा रहा है। शनिवार को बिजली की मांग 2450 मेगावाट वाट तक रही। जबकि पूर्व में बिजली की मांग



2880 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। वहीं, शनिवार को बारिश से निगम को लोड में तो राहत मिली, लेकिन बिजली की लाइनें टूटने और खंभे आढ़े-तिरछे होने से परेशानी बढ़ गई है।

**बिजली की आपूर्ति में बाधा:** तेज आंधी के बीच बिजली की लाइनों पर पेड़ की टहनियां टूटकर गिर गईं। इससे काफी देर तक बिजली सुचारू नहीं हो सकी। कुछ देर के लिए पूरा शहर में आपूर्ति प्रभावित हो गई। बारिश का प्रभाव सेक्टर-11, 12, 15, 19, 20, 22, 27, 30, 31, 33, 34, 36, 37, 40, 49, 55, 56, 76, 71, 99, 110, 122,129, 145, 168 समेत शहर के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिला। सेक्टर-100 निवासी अमरिश तिवारी ने बताया कि शनिवार को सेक्टर में लोगों को तीन से चार घंटे तक कटौती का समाना करना पड़ा। विद्युत निगम के कर्मी और अभियंताओं को शिकायत करते रहे, लेकिन संबंधित कर्मी और अभियंता कुछ देर में आपूर्ति शुरू होने का दावा करते रहे। लगातार तीन घंटे तक लोगों को कटौती का सामना करना पड़ा। हालत इतनी खराब हुई कि बारिश थमने के कई घंटों तक बिजली बहाल नहीं हो सकी।

**विद्युत निगम का बयान:** अधीक्षण अभियंता तकनीकी विवेक कुमार पटेल ने बताया कि एहतियात के रूप में आपूर्ति बंद की गई थी। स्थिति सामान्य होने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड पर डेरी मच्छा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश कर रही है। मृतक की पहचान जारचा कोतवाली क्षेत्र के उपरालसी गांव में हिमांशु (21) के रूप में हुई है।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि युवक गाजियाबाद के कॉलेज से बीटेक कर रहा था। 30 मई की सुबह गाजियाबाद के लाल कुआं स्थित चाचा के घर से बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# नौचंदी मेले में झूला ठेकेदारों की दबंगई, नाबालिगों को बंधक बनाकर पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** ऐतिहासिक नौचंदी मेले में झूला ठेकेदारों और बाउंसरों की दबंगई सामने आई है। आरोप है कि मेले में झूला झूलने आए नाबालिगों को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। पीड़ित नाबालिगों का आरोप है कि झूला झूलने के दौरान कोई हिस्सा टूटकर एक युवक पर गिर गया। जब उन्होंने टिकट के पैसे वापस मांगे तो ठेकेदार और बाउंसर भड़क गए। गाली-गलौज के बाद उन्हें मौत के कुएं के पीछे बने स्लॉट में ले जाया गया।

### सीसीटीवी से दूर ले जाकर पीटा

युवकों का कहना है कि जिस जगह ले जाया गया वहां न तो सीसीटीवी था और न ही कोई पुलिसकर्मी। वहां यश जैन नाम के नाबालिग को डंडों से पीटा गया। पिटाई से डर के मारे उसका पेशाब तक निकल गया। परिजनों को फोन करने पर भी दबंगों ने नहीं बख्शा और धमकी दी कि जिसको बुलाना है बुला लो, हमारा कुछ नहीं होगा।

## पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल



### पुलिस की तैनाती पर सवाल

मेले में भारी पुलिस बल तैनात होने के बावजूद इस तरह की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने पूछा कि जब हर बिंदु पर पुलिस की ड्यूटी है तो बाउंसर नाबालिगों को बंधक बनाकर कैसे पीटते रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

सूचना मिलते ही परिजनों के साथ भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे थाना नौचंदी अध्यक्ष और मेला प्रभारी जितेंद्र कुमार से कार्यकर्ताओं की तीखी नोकझोंक हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मेले में लोग एंजॉय करने आते हैं, अगर उनके साथ मारपीट होगी तो यह खुली दबंगई है।

पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सनोत्ता से शुक्रवार शाम को एक 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा, तो पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। सनोत्ता गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे उनकी 14 वर्षीय पुत्री अपना बैग लेकर घर से अकेली कहीं चलीं गईं हैं लेकिन देर शाम तक भी वह वापस घर नहीं लौटी। किशोरी के समय पर घर न पहुंचने से चिंतित परिजनों ने रिश्तेदारियों और गांव में उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। किशोरी के पिता और गांव के लोग इकठा होकर थाने पहुंच कर किशोरी की बरामदगी की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी पूनम जादौन ने बताया पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मुस्कान का कातिल निकला प्रेमी रजनीश

## प्रेमी ने शराब पिलाकर दुपट्टे से घोंटा था गला, श्मशान में मिली मुस्कान की लाश



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** बीते 27 मई को पूठा श्मशान घाट में मिली युवती की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मुस्कान की हत्या उसके प्रेमी रजनीश उर्फ गब्बर ने ही की थी। आरोपी ने शराब पिलाने के बाद दुपट्टे से गला घोंटकर वारदात को अंजाम दिया।

एसपी सिटी विनायक भोसले ने बताया कि 27 मई को लक्खीपुरा निवासी मुस्कान का शव पूठा श्मशान घाट में मिला था। शव के पास मिले मोबाइल से पहचान हुई। कॉल डिटेल खंगालने पर पता चला कि हत्या से पहले मुस्कान ने पांच लोगों को कॉल की थी। पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया। इनमें टीपीनगर के शिवपुरम निवासी रजनीश उर्फ गब्बर भी था।

### मोबाइल लोकेशन से खुला राज

शुरुआत में रजनीश पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन मोबाइल लोकेशन और बयानों में विरोधाभास मिलने पर सख्ती से पूछताछ की गई। इसके बाद उसने हत्या कबूल कर ली। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### पति से झगड़े के बाद प्रेमी को किया था कॉल

जांच में सामने आया कि 26 मई को मुस्कान का पति अब्दुल वाहिद से विवाद हुआ था। पति ने उसका मोबाइल तोड़ दिया। इसके बाद मुस्कान ने पड़ोसन निशा से 300 रुपये में पुराना मोबाइल खरीदा। 27 मई को निशा के घर पहुंचकर पैसे वापस मांगे। बदले में निशा ने पुराना सिलेंडर दे दिया। इसी दौरान मुस्कान ने निशा के मोबाइल से प्रेमी रजनीश को कॉल की। रजनीश उसे माधवपुरम गेट से मोपेड पर मोहकमपुर स्थित दोस्त राहुल कटारिया के घर ले गया। वहां राहुल, रजनीश और मुस्कान ने शराब पी और चिकन खाया। नशे में मुस्कान और रजनीश के बीच विवाद हो गया। रजनीश ने मुस्कान को थप्पड़ मारे। शोर होने पर राहुल की पत्नी संगीता ने दोनों को घर से निकाल दिया।

### श्मशान में ले जाकर घोंटा गला

पूछताछ में रजनीश ने बताया कि रात में वह अपनी प्रेमिका मुस्कान को पूठा श्मशान घाट ले गया। वहां भी दोनों ने शराब पी। इसके बाद मुस्कान के दुपट्टे से ही गला घोंटकर हत्या कर दी। शव वहीं छोड़कर घर आकर सो गया।

### एक साल से था अपफेयर, घर में होता था झगड़ा

रजनीश ने ने बताया कि पिछले एक साल से मुस्कान से प्रेम संबंध थे। मुस्कान शराब पीने के बाद उसे फोन करती थी। कई बार पत्नी और बच्चों ने भी फोन रिसीव कर लिया था। इससे घर में लगातार कलह होती थी। समझाने पर भी रजनीश मुस्कान के पीछे रहा, रजनीश ने मुस्कान की इज्जत के साथ कई बार खिलवाड़ किया जब दोनों में नहीं बनी तो रजनीश ने मुस्कान की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी ने सुनियोजित तरीके से पहले शराब पिलाई, फिर हत्या की। इस मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच चल रही है।

### फिर आई नीले ड्रम वाली मुस्कान की याद

मेरठ में एक मुस्कान यह भी थी जिसे हिंदू युवक रजनीश ने प्रेम जाल में फंसाया और फिर बाद में उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। वहीं एक मुस्कान वह भी थी जिसने अपने प्रेमी के चक्कर में पति को ही मौत के घाट उतार दिया था। एक मुस्कान आज जेल में है और दूसरी दुनिया को छोड़कर चली गई है। दोनों में कोई फर्क नहीं था अगर कोई फर्क था तो बस धर्म का। वहीं लोगों का कहना है कि अगर रजनीश की जगह कोई मुस्लिम युवक होता और मुस्कान की जगह कोई हिंदू लड़की तो लोग इसे हिंदू-मुसलमान से जोड़कर हंगामा करते और इसे लव जेहाद का नाम देते, हंगामा करते लेकिन यहां पर मुस्कान को बेरहमी से एक हिंदू युवक ने मार दिया है अब इसे भगवा लव जेहाद कहा जाए या कुछ और।



मृतक मुस्कान।

# पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

## ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की हापुड़ जिला ईकाई ने पत्रकार सम्मान समारोह का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** शनिवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में हापुड़ जिला ईकाई द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि पत्रकारिता से बढ़कर कोई समाजसेवा नहीं है, देहात के पत्रकारों के सामने बहुत समस्या होती हैं, वे शासन स्तर पर पत्रकारों की समस्याओं का निदान करायेंगे। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी ने कहा कि सरकार मान्यता प्राप्त पत्रकारो के हितों की बात करती है जबकि प्रदेश में 90 प्रतिशत गैर मान्यता प्राप्त पत्रकार हैं उनके लिए भी सरकार आयुष्मान कार्ड व अन्य सुविधाओं का लाभ दिलाये। इस मौके पर सर्वसम्मति से मुनेंद्र त्यागी ने संगठन महामंत्री श्री कांत अस्थाना को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा की। सभी मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। वहीं अवनीश त्यागी ने उनका माला पहनाकर किया। नवनियुक्त अध्यक्ष श्री कांत अस्थाना ने कहा कि संगठन का विस्तार किया जाएगा तथा संगठन में ईमानदार व कर्मठ लोगों को जगह दी जायेगी। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए रणनीति बताई और कहा कि शीघ्र ही अन्य जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को राष्ट्रीय प्रवक्ता विपिन हरित, भाजपा नेता प्रदीप त्यागी, डा. आर आर डी उपाध्याय, राष्ट्रीय एडवाइजर मनोज कश्यप, रमेशचंद्र चौहान, अशोक सोम, प्रदेश अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, मुनतीयाज अली प्रदेश सचिव उस्मान अली, जिला अध्यक्ष मेरठ संजीव तोमर, बागपत जिला अध्यक्ष सुनील चौहान, मोनार्ड विश्विद्यालय के वी सी जावेद खान, आदि ने भी संबोधित किया। हापुड़ जिला अध्यक्ष व कार्यक्रम के आयोजक चंदन सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन अनिल बाजपेई ने किया। इस मौके पर यशपाल सिंह, अनिल शर्मा, मुमतीयाज अली, सलमान खान अमीरुद्दीन, रामकिशन रघुवंशी अंकुर त्यागी सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।




# मेरठ पुलिस ने पकड़ा रंगदारी मांगने वाला गैंग

## मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, छह गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। शुक्रवार देर रात कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उनके चार अन्य साथियों को कॉम्बिंग अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल छह आरोपियों को दबोचा है। मेरठ के एसपी सिटी विनायक भोसले के मुताबिक, थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम जेवरी निवासी ललित कुमार को 27 मई की शाम एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को गैंग का सदस्य बताते हुए 4 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और रकम न देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने 29 मई को थाना कंकरखेड़ा में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एसएसपी मेरठ के निर्देश पर मामले की जांच स्वाट टीम नगर और कंकरखेड़ा पुलिस को सौंपी गई। सर्विलांस और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 30 मई की सुबह हर्ष कुमार और अंकित निवासी ग्राम जेवरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि गैंग का सरगना पंकज है और उसके साथ तनवीर समेत चार अन्य लोग भी इस वारदात में शामिल हैं।



आरोपियों से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने शुक्रवार रात पावली फाटक के पास घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पंकज और तनवीर के पैर में गोली लगी। दोनों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मौके से भाग रहे गिरोह के चार अन्य सदस्यों को कॉम्बिंग के दौरान दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल, दो तमंचे, 8 कारतूस, रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

एसपी सिटी विनायक ने बताया कि पकड़ा गया गैंग क्षेत्र में व्यापारियों और किसानों को फोन कर रंगदारी मांगता था। गैंग एक और बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। फिलहाल सभी छह आरोपियों के आपराधिक इतिहास की पड़ताल की जा रही है। प्राथमिक जांच में पंकज और तनवीर पर पहले से लूट व आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज मिले हैं। पुलिस ने घायल बदमाशों का मेडिकल कराने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जिले में रंगदारी व अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# पीडीए कार्यक्रम में एकजुटता और संगठन मजबूती का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** ग्राम मुल्हेड़ा में शनिवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया इस दौरान सपा के पीडिए को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

### जिलाध्यक्ष बोले सभी वर्गो को साथ लेकर चलना ही पीडीए

मुख्य अतिथि के तौर पर पहुचे जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गूमी ने कहा कि पीडीए की अवधारणा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की है। पार्टी हमेशा किसानों, युवाओं, मजदूरों और कमजोर वर्गों की आवाज उठाती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष तेज करने की अपील की।

### जनता का समर्थन ही असली ताकतः वसीम राजा

विशिष्ट अतिथि के तौर पर ग्राम में मौजूद रहे चौधरी वसीम राजा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता का समर्थन ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने आपसी भाईचारे और एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



### संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक न्याय और समान भागीदारी पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

इस अवसर पर जिला महासचिव योगेंद्र जाटव, हारून चौधरी, मास्टर इस्माइल, फरहान, मोहम्मद रुी, जुल्फिकार राना, सनव्वर चौहान, सलमान सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन मुरसलीन राना और ग्राम प्रधान कुलदीप ठाकुर के नेतृत्व में हुआ। अंत में अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री व राष्ट्रीय लोक दल के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिसमें दूर दराज से लोग मेरठ पहुंचे वहीं जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी के किसान नेता युवा प्रदेश सचिव भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति डॉ. अली मेहंदी भी कमिश्नरी पार्क पहुंचे और स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज जो भी हम कुछ है चौधरी चरण सिंह की बदौलत है किसानों को उन्होंने जो हक दिलाया और लड़ाई लड़ी आज उनका नाम लिया जाता है वह हमेशा गरीबों किसानों के मसीहा रहे किसानों की समस्या पर चर्चा की। इस दौरान डॉ. अली मेहंदी ने भी किसानों की आवाज उठाई और महंगाई के बारे में कहा कि इस सरकार में सबसे ज्यादा महंगाई चरम पर है जो गरीब किसानों की कमर तोड़ रही है और आज जो बिजली का बिल उत्तर प्रदेश सरकार ने बढ़ाया है उससे और भी बोझ पड़ेगा। वहीं इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र सिंह, पंडित आदित्य चेतन, मेहंदी असगर जिला अध्यक्ष किसान यूनियन जीशान मोहम्मद, ब्लॉक अध्यक्ष जानी कृष्ण कुमार गिरी, राष्ट्रीय महामंत्री आदि कार्यक्रम में अपने-अपने विचार प्रकट किया और स्वर्गीय प्रधानमंत्री की बारे में विस्तार से बताया।

# झमाझम बारिश से लोगों को मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ में शनिवार सुबह से ही मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश ने शहर को भिगो दिया। बीते कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू से परेशान लोगों को इस बारिश ने बड़ी राहत दी है। सुबह करीब 8 बजे से शुरू हुई बारिश दोपहर तक रुक-रुक कर होती रही, जिससे तापमान में 7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा।

बारिश के चलते शहर की सड़कों पर पानी भर गया और रफ्तार थम सी गई। बच्चा पार्क, बेगमपुल, हापुड़ अड्डा और दिल्ली रोड पर जलभराव के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दफ्तर और स्कूल जाने वाले लोग देरी से पहुंचे। कई जगहों पर ट्रैफिक पुलिस को यातायात संभालने में मशक्कत करनी पड़ी। छाता लेकर सड़क पार करती महिलाओं और रेनकोट पहने स्कूली बच्चों के दृश्य आम रहे।

मौसम विभाग लगातार मोबाइल पर अलर्ट जारी कर रहा है। विभाग ने अगले 24 घंटे में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और गरज-चमक की चेतावनी दी है। साथ ही लोगों को खुले में बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहने की सलाह दी गई है। मोबाइल पर आ रहे इन अलर्ट्स के चलते लोग भी सतर्क हो गए हैं। कई अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजने से पहले मौसम अपडेट चेक किया।



झमाझम बारिश के बीच छाता लेकर सड़क पार करतीं महिलाएं।

बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। गन्ना और धान की फसल के लिए यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है। वहीं, नगर निगम की तैयारियों की पोल भी खुल गई। कई निचले इलाकों में नालियां चोक होने से घरों में पानी घुस गया। मेयर ने जलभराव वाले क्षेत्रों में सफाई के निर्देश दिए। बाजारों में चाय-पकौड़े की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई। लोगों ने सुहाने मौसम का लुत्फ उठाया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनिल शर्मा के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले दो दिन तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और मौसम विभाग के अलर्ट पर ध्यान दें।

# फ्लिपकार्ट बैक टू कैंपस 2026 सेल शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** फ्लिपकार्ट की फ्लैगशिप बैक टू कैंपस सेल 22 से 28 मई तक चल रही है। स्टूडेंट्स को एआई लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टवॉच व ऑडियो डिवाइस पर बड़ी डील मिल रही हैं। इसी के साथ मार्केट में नए लॉन्च पर भी फ्लिपकार्ट का ऑफर है। स्टूडेंट क्लब में वेरिफाइड प्क से रजिस्टर करने पर चुनिंदा लैपटॉप पर 6,000 रुपये तक छूट और 200 रुपये प्रतिदिन से 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई मिलेगी। एक्सचेंज ऑफर भी उपलब्ध हैं। कम्पनी के सुजीत अगाशे ने कहा कि एआई टूल्स से स्टूडेंट्स को किफायती टेक देकर डिजिटल भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है।

# मिंत्रा की 24वीं ईओआरएस 29 मई से

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मिंत्रा ने एंड ऑफ रीजन सेल ईओआरएस के 24वें एडिशन की घोषणा की है। सेल 29 मई से शुरू हो चुकी हैं, वीआईपी एक्सेस 28 मई से मिलेगा। इस बार 6 मिलियन से ज्यादा स्टाइल उपलब्ध होंगे। 15 हजार उभरते ब्रांड हिस्सा लेंगे, जिनमें 5 हजार पहली बार शामिल हैं। ग्लोबल, डोमेस्टिक और डीटूसी ब्रांड एपरेल, फुटवियर, एक्सेसरीज में 13 लाख स्टाइल पेश करेंगे। कम्पनी के रितेश मिश्रा ने कहा ब्रांड्स को विकास, आय और रोजगार का मंच देता है। मिंत्रा टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स और क्रिएटर ईकोसिस्टम से ब्रांड्स को ट्रेंड और डिमांड समझने में मदद करेगा। सर्च इनसाईट्स, डैशबोर्ड और पार्टनर सपोर्ट भी मिलेगा।

# व्यापारी की हत्या का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में दबोचा, पैर में लगी गोली

■ मुठभेड़ में सिपाही घायल, अब तक चार आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बिल्संडा के बमरौली तिराहे पर साइकिल व्यापारी पंकज कटियार पर हमले के दौरान बीच-बचाव करने आए कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता की गोली मारकर हत्या करने वाले शातिर शूटर को पुलिस ने शनिवार तड़के एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जबकि बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में एक मुख्य आरक्षी (हेड कांस्टेबल) भी बाल-बाल बच गए। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के अनुसार, शनिवार (30 मई) सुबह करीब 5:00 बजे थाना बिल्संडा पुलिस टीम बंडा रोड पर ईटगांव नहर पुलिया के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक मोटरसाइकिल पर संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो उसने हड़बड़ाहट में बाइक दौड़ा दी और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग झोंक दी। बदमाश की ओर से चलाई गई गोली मुख्य आरक्षी सुनील कुमार की दाहिनी बाजू को छूती हुई निकल गई, जिससे वह बाल-बाल बचे। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी और वह वहीं गिर गया। पुलिस ने घेरा. बंदी कर उसे मौके से ही दबोच लिया।

### कामयाबी पाने वाली पुलिस टीम

इस शातिर अपराधी को दबोचने वाली टीम में थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा, उपनिरीक्षक विपुल, उपनि. रीक्षक अंकित कुमार, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह, कांस्टेबल गुरमीत और कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे।

### शाहजहांपुर का रहने वाला है शातिर शूटर

पकड़े गए अभियुक्त की पहचान लक्की मौर्य (21 वर्ष) पुत्र राधेलाल, निवासी मोहल्ला तिलहर जेई, थाना सदर बाजार (जनपद शाहजहाँपुर) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक .315 बोर का अवैध तमंचा, नाल में फंसा एक खोखा, एक जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल (चेचिस नंबर: 04म16ब21052) बरामद की है। घायल बदमाश को पहले सीएचसी बीसलपुर ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### पारिवारिक रंजिश में गई थी व्यापारी की जान

गौरतलब है कि बीते 28 मई को थाना बिल्संडा क्षेत्र के बमरौली तिराहा स्थित पंकज कटियार की साइकिल दुकान में घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की थी। शोर सुनकर पास के कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता (पुत्र श्रीकृष्ण) बीच-बचाव करने पहुंचे और भाग रहे एक हमलावर को पकड़ लिया। इस पर आरोपियों ने पप्पू गुप्ता को गोली मार दी थी, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

विवेचना में सामने आया कि पंकज कटियार का अपने ससुराल पक्ष से पुराना पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में उनके ससुर और सालों ने मिलकर इस पूरी वारदात की साजिश रची थी।

### तीन साजिशकर्ता पहले ही जा चुके हैं जेल

बिल्संडा पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या की साजिश में शामिल तीन आरोपियों रमेश चन्द्र कटियार और उनके दो बेटों विमल व सीतेश (निवासीगण ग्राम मुकरमपुर, थाना रोजा, शाहजहाँपुर) को 29 मई को ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वारदात के खुलासे के लिए एसपी के निर्देश पर 5 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

### क्राइम हिस्ट्री और नई एफआईआर

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार लक्की मौर्य एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ शाहजहांपुर और पीलीभीत में हत्या, जानलेवा हमला और बलवा जैसी गंभीर धाराओं में तीन मुकदमे दर्ज हैं। शनिवार को हुई मुठभेड़ के मामले में पुलिस ने उसके खिलाफ बिल्संडा थाने में जानलेवा हमले (BNS धारा 109(1)) और आर्म्स एक्ट के तहत एक और नया मामला दर्ज किया है।

# डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

■ बंन्दियों से की वार्ता, जानी समस्याएं एवं बंदियों की समस्याओं का निस्तारण करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, अन्य बैरकों, अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बन्दियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं एवं भोजन की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व जेलर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शायर बशीर बद्र के निधन पर शायरों ने शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** भारत सरकार से पद्म श्री सम्मानित मशहूर शायर बशीर बद्र के निधन पर नगर के साहित्यकारों ने एक शाम बशीर बद्र के नाम आयोजित की जिसमें तिरंगा भारत के संस्थापक कैलाश भारती ने अध्क्षता की एवं संचालन जमशेद अली साहब ने कुछ यूँ कहा- दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइस रहे, जब हम दोस्त हो जाये, तो शर्मिन्दा न हो, आपने शायरी में क्या जबाव ढहाया, तहजीब की दुनिया में मुकाम पाया।

सगीर नाजा ने यूँ फरमाया- मुकद्दर से ऐसे लोग नसीब होते हैं, अपना बनाकर अपना समझें ऐसे अजीब होते है। वो शायरी की जान थे, गजलो की पहचान थे, जिसमें समाता था जमाने का दर्द, बशीर बद्र एक ऐसी दास्तान थे। शायर - हबीउर्रहमान ने कुछ इस तरह शोक जताया- गजब की बसियत उनकी है, अजब की तरबियत उनकी है, ऐसा लिखते थे गहराई में डूबकर, मोती सी शख्सियत उनकी है। उस्ताद शायर उदयभान सिंह हम दम ने यूँ कहा- बशीर बद्र ऐसे फनकार थे, वो शायरी में कलाकार थे, वो रहबर नही रहनुमा थे, भटके लोगो के हुनरमन्द सलाहकार थे। उस्ताद शायर अब्दुल लतीफ कामिल ने यूँ कहा- वसीर ऐसे मुसाफिर थे, वो समुंदर की गहराइयों में उतरते थे।

## एक नजर

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को नगर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हिन्दी पत्रकारिता दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र व जनपद के अनेक पत्रकारों ने सहभागिता कर पत्रकारिता के महत्व और वर्तमान चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकारों के मार्गदर्शक के रूप में पहचान रखने वाले मुकेश सक्सेना ने किया।

इस अवसर पर अमित मिश्रा ने पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों से एकजुट होकर निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बीसलपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि अमन जायसवाल उर्फ निक्की भाई उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। इस अवसर पर सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, बरखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सैनी, रिविन शुक्ल, रामनिवास कश्यप, सुनील मिश्रा, दीनदयाल शास्त्री, शकील कादरी, मुनेन्द्र सिंह, रोहित मिश्रा, उमंग पाठक, रूपेश गंगवार, महीपाल गंगवार, प्रियंक पाठक, अमित मिश्रा, अमित दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# खूनी संघर्ष के पांच दिन बाद भी आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रहा बुजुर्ग
■ हत्या के प्रयास का मुक. दमा दर्ज, गिरफ्तारी शून्य, विवेचक पर मिलीभगत के आरोप

**पूरनपुर।** घर के निकास मार्ग को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। रास्ते से अवरोध हटाने की बात कहने पर दबंगों ने कथित रूप से घर में घुसकर पिता-पुत्र पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पहले पूरनपुर सीएचसी, फिर जिला अस्पताल और हालत अत्यधिक गंभीर होने पर बरेली रेफर किया गया। वर्तमान में उनका उपचार बरेली के रूहेलखंड अस्पताल में आईसीयू में चल रहा है। मामले में पुलिस ने 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वही मुकदमा दर्ज होने के बाद पांच दिन बीत जाने के बाबजूद भी अभी तक पुलिस नें एक भी आरोपी को गिरफ्तार नही किया है। जिसके चलते पीड़ित परिवार परेशान है। गौरतलब है कि माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम रूद्रपुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था।द्वारिका सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके सिर पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का आरोप है। हालत नाजुक होने पर उन्हें बरेली के रूहेलखंड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह आईसीयू में उपचाराधीन हैं और मौत व जिंदगी के बीच संघर्ष कर रहे हैं। वहीं उनके पुत्र अजय सिंह भी घटना में घायल हुए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छत्रपाल सिंह, सुरेश सिंह, नेत्रपाल सिंह, रमेश सिंह पुत्रगण शंकर सिंह, विजेंद्र सिंह, रोहन सिंह, भूधर सिंह, महेंद्र सिंह, मनोज सिंह और अखिलेश सिंह के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस आरोपियों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। परिवार का कहना है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे उन्हें लगातार भय बना हुआ है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि मामले के विवेचक की आरोपियों से मिलीभगत होने के कारण गिरफ्तारी में जानबूझकर देरी की जा रही है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यदि समय रहते आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पीड़ित परिवार की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। क्षेत्र में भी पुलिस की निष्क्रियता को लेकर चर्चाएं तेज हैं। अब सभी की निगाहें पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि आखिर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपियों पर शिकंजा कब कसा जाएगा।

# वाद विचाराधीन जमीन पर निर्माण का आरोप

■ किसान ने भूमाफियाओं के खिलाफ खोला मोर्चा
■ हरियाणा के रसूखदारों पर अवैध कब्जे का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नदहा में कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहरा गया है। गांव निवासी एक किसान ने कुछ लोगों पर न्यायालय में विचाराधीन भूमि पर जबरन निर्माण कराने तथा विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नदहा निवासी नन्हू पुत्र गुलाबी ने उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि मौजा नदहा स्थित गाटा संख्या 201 में उसकी पुश्तैनी कृषि भूमि है। उनका आरोप है कि सहखातेदार लखविंदर सिंह एवं सर्वजीत सिंह, जो हरियाणा के थानेसर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं, ने कथित रूप से मिलीभगत कर भूमि संबंधी आदेश प्राप्त कर लिए और अब सड़क किनारे स्थित भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे हैं। पीड़ित किसान का कहना है कि संबंधित भूमि को लेकर न्यायालय में धारा 116 के अंतर्गत वाद विचाराधीन है। इसके बावजूद निर्माण कार्य कराया जाना नियमों के विपरीत है। किसान का आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में न तो उसकी सहमति ली गई और न ही उसे किसी प्रकार की सूचना दी गई।

किसान ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने निर्माण कार्य का विरोध किया तो उसे जान से मारने तथा झूठे विवाद में फंसाने की धमकियां दी गईं। शिकायती पत्र में किसान ने प्रशासन से तत्काल मौके की जांच कराने, निर्माण कार्य रुकवाने तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उसने चेता. वनी दी है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा।

# डीएम ने जनगणना सेल का किया औचक निरीक्षण

■ कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित जनगणना सेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनपद में संचालित जनगणना-2027 से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने जनगणना कार्यों से संबंधित अभिलेखों, डाटा संकलन, मकानीकरण तथा अन्य तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जनगणना कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता एवं शुद्धता के साथ संपादित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके आंकड़े विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण का आधार बनते हैं। इसलिए प्रत्येक स्तर पर गंभीरता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने जनगणना सेल में उपलब्ध संसाधनों, अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जनगणना सेल के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद में आबकारी राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

गत वर्ष की तुलना में 19.17 प्रतिशत अधिक प्राप्ति

**बदायूं।** जनपद बदायूं में आबकारी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व प्राप्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई है। जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आबकारी विभाग राजस्व अर्जन से संबंधित विभाग है तथा विभाग के माध्यम से कोई लाभार्थीपरक योजना संचालित नहीं की जा रही है। विभाग का मुख्य कार्य आबकारी राजस्व संग्रहण एवं अनुज्ञापन व्यवस्था का प्रभावी संचालन करना है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद बदायूं में देशी मदिरा की 260 दुकानें, कम्पोजिट शॉप की 77 दुकानें, मॉडल शॉप की 03 दुकानें तथा भांग की 03 दुकानें संचालित हैं। आबकारी विभाग को वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 591.15 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष मार्च 2026 तक विभाग द्वारा 537.40 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति की गई, जो निर्धारित लक्ष्य का 90.91 प्रतिशत है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रदेश स्तर पर राजस्व प्राप्ति के मामले में जनपद बदायूं को 29वां स्थान प्राप्त हुआ है। बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त 537.40 करोड़ रुपये का राजस्व, गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की 450.95 करोड़ रुपये की तुलना में 86.44 करोड़ रुपये अधिक है। इस प्रकार जनपद में आबकारी राजस्व में 19.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जनपद में आबकारी राजस्व में हुई यह वृद्धि विभाग की प्रभावी कार्यप्रणाली एवं राजस्व संग्रहण की सुदृढ़ व्यवस्था का परिणाम है। विभाग द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष में भी राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मजबूत करने का संकल्प




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** दिल्ली पब्लिक स्कूल आवास विकास के परिसर में शनिवार को शहिन्दी पत्रकारिता दिवसश के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा रहे संयुक्त विभिन्न पत्रकार संगठनों-ऑल इण्डिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा), ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (जीपीए) और श्रमजीवी पत्रकार यूनियनख्रके तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य विषय षडिजिटल युग में हिन्दी पत्रकारिता (सोशल मीडिया, AI और ऑनलाइन न्यूज के दौर में पत्रकारिता के बदलते आयाम) पर गंभीर मंथन हुआ। समारोह के दौरान जिले और ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्जनों पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान के लिए शॉल, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए वक्ताओं ने पत्रकारों की सुरक्षा और उनके हितों के मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया।इस अवसर पर जिले के तमाम वरिष्ठ पत्रकार, बुद्धिजीवी, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य डीपीएस स्कूल का स्टाफ और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

# महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिजली संकट के खिलाफ सपा का हल्ला बोल

■ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी पीलीभीत द्वारा शनिवार को जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में जनविरोधी भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ कलेक्ट्रेट परिसर में विशाल धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थकों ने भाग लिया।

धरना-प्रदर्शन डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध न होने, छम्म्ज परीक्षा लीक प्रकरण, अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज तथा अन्य जनसमस्याओं के विरोध में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत समाजवादी पार्टी के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ज्ञळछ कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय से एकत्र होकर जुलूस के रूप में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। विरोध प्रदर्शन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए कार्यकर्ताओं ने बढ़ती ईंधन कीमतों के विरोध में एक कार को रस्सी से बांधकर खींचते हुए अनोखा प्रदर्शन किया। रास्ते में प्रशासन द्वारा वाहन को रोकने पर कार्यकर्ताओं और प्रशासन के बीच नोकझोंक हुई। इसके बाद सपा कार्यकर्ता सड़क पर धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बाद में स्थिति सामान्य हुई और प्रदर्शनकारी पुनः कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं और नेताओं में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला।

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, किसानों को खाद और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। धरना-प्रदर्शन के उपरांत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। यहां नफीस अहमद अंसारी, नरेंद्र मिश्रा कट्टर, रूप राम कश्यप, ठाकुर अशोक सिंह, पवन सिंह यादव, हाजी अकबर अंसारी, अमित पाठक एडवोकेट, जेपी शुक्ला एडवोकेट, राजीव यादव एडवोकेट, गयासुद्दीन मंसूर, दिव्या पी. गंगवार , राजकुमार राजू , मास्टर फैजान, बीडी प्रजापति, भगवान दास वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित रहे।

# तहसील से कुछ दूरी पर ससुर साला व सास ने अपने दामाद को गिरा गिरा कर मारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहसवान।** मोहल्ला चौधरी पठानटोला रोड तहसील के पास सास ससुर साले ने अपने दामाद को मारते हुए जमीन पर गिरा दिया साले ने बेल्टो से की दामाद पिटाई प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दोनों का सहसवान न्यायालय में मुकदमा चल रहा है मुकदमे से वापस जाते समय हमलावर हो गए सुसरालिया दामाद के आयी काफी चौटे राहगीरो ने दामाद को बचाया।

# बहू सास के विवाद में पत्नी की हुई जमकर पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



गम्भीर रूप से हुई घायल , पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा

**दबतोरी ।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत में शुक्रवार को सांस बहू का विवाद गम्भीर मारपीट में हुआ तब्दील । पति ने पत्नी पर धार धार हथियार से किया हमला । महिला को गम्भीर रूप से घायल होने पर मजरुमी चिट्ठी पुलिस ने जारी कर सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया है । ग्राम पंचायत संग्रामपुर की जीनत पत्नी आजम खां कहना है कि उसका मायका फैजगंज वेहटा कस्वा का है और 15 बर्ष पहले उसकी शादी आजम पुत्र अब्दुल नवी के साथ हुई थी और उसके पांच बच्चे हैं । उसका पति आजम उसके साथ आए दिन मारपीट की घटना घटित करता है । जीनत के मुताबिक शुक्रवार को आजम ने जीनत से मायके से मकान बनाने के लिए रकम लाने की मांग की थी लेकिन उसने मायके जाने से मना कर दिया इसी बीच उसकी सास शमीदा से उसकी नोंक-झोंक बढ़ गई इसी बीच आजम ने उसके ऊपर धार धार हथियार से हमला कर दिया जो सिर में खुली चोट आई है । इस मारपीट शुरू होने पर जीनत के बच्चों ने शोरगुल मचा दिया और काफी लोग मौहल्ले के आ गए । इसी बीच जींनत ने दूरभाष कर अपने मायके बालों को बुला लिया और मायके बाले जीनत को गम्भीर हालत मे थाने ले गए। पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए बिसौली सरकारी अस्पताल भेज दिया। डाक्टरों ने महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया। जीनत की हालत गंभीर बनी होने पर मायके बाले चंदौसी के निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए शनिवार को ले गए हैं । उधर ग्रामीणों से जानक. ारी लेने पर पता चला है कि घायल महिला का पति नशेड़ी किस्म का है और दिल्ली शहर में रहकर कारोबार करता है । जीनत लंबे समय से भैंस का दूध बेचकर और कपड़े की सिलाई करके अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है । पुलिस ने शनिवार देर सायं तक इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया था ।

# डीएम ने स्नान घाटों पर व्यवस्थाओं को लेकर किया दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद के विभिन्न स्नान घाटों का निरीक्षण कर वहां स्थाई व्यवस्था कराने तथा आगामी मुख्य स्नानों पर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में दौरा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न घाटों के निरीक्षण के दौरान स्थाई रूप से पी0ए0 सिस्टम, बैरिकेडिंग, प्रकाश व सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए। सभी स्नान शासन की मंशा के अनुरूप संपन्न हो।

जिलाधिकारी ने तहसील दातागंज के बेला डांडी, तहसील सहसवान के सुखररा घाट, कछला गंगा घाट व अन्य घाटों के निरीक्षण के दौरान घाटों के समीप लगी दुकानों को थोड़ा पीछे हटाने तथा घाटों पर स्थाई पब्लिक एड्रेस (पी0ए0) सिस्टम, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने घाटों पर आमजन व श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत पार्किंग, पेयजल व शौचालय आदि व्यवस्थाओं के लिए संकेतक भी लगाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों के दोनों छोरों पर जाकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

उन्होंने कहा कि मुख्य स्नान से पूर्व सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए। अधिकारियों की ड्यूटी समय से लगाई जाए तथा मुख्य स्नानों पर अधिकारी स्वयं मौके पर उपस्थित रहे। आसपास के ग्रामों के प्रधानों व सभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क स्थापित किया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका सहयोग लिया जा सके। गोताखोरों की सूची भी आवश्यक रूप से बनाई जाए ताकि सभी स्नान शासन की मंशा के अनुरूप संपन्न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर विषयक सीएमई का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आरआरटीसी कार्यक्रम के सहयोग से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर से संबंधित एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस सीएमई में जिला महिला चिकित्सालय एवं सीएचसी बिसौली के चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप-प्राचार्या डॉ. नेहा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नेहा सिंह ने कहा कि आरआरटीसी कार्यक्रम मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा मृत्यु दर में कमी लाने हेतु प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आरआरटीसी नोडल अधिकारी डॉ. सीमा सरन , डॉ. जया भारती, डॉ. अर्चना, डॉ. कपिल तथा आरआरटीसी कार्यक्रम समन्वयक ब्रजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में डीएम ने दिए सतर्कता और समन्वय के निर्देश

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आपदा प्रबंधन समिति एवं बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर स्टेयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा भी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी संदेशों को गंभीरता से लिया जाए और उन्हें जनपद के अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील गांवों की सूची को अद्यतन रखा जाए। बैठक के दौरान सिंचाई विभाग को तटबंधों, बांधों और नहरों का सघन निरीक्षण करने तथा आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नदियों के जलस्तर की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ राहत शिविरों के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण कर वहां स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, प्रकाश और चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने राहत सामग्री की उपलब्धता बनाए रखने के लिए खाद्यान्न, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडारण करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ के दौरान फैलने वाले जलजनित एवं संक्रामक रोगों से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय टीमों और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए चारे और उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के लिए नावों, गोताखोरों और राहत टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्युत विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक बिजली व्यवस्था बनाए रखने तथा सभी संबंधित विभागों को कंट्रोल रूम के माध्यम से 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आनंद कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध बालू भंडारण और बिक्री पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, तीन प्रतिष्ठान सीज




शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार तहसील टांडा क्षेत्र में अवैध उपखनिज भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। उपजिलाधिकारी टांडा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच अभियान के दौरान गहलोत ट्रेडर्स, कृष्ण ट्रेडर्स एवं आरव ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि संबंधित प्रतिष्ठान 100 घन मीटर स्टॉक के फुटकर विक्रेता पंजीकरण प्रमाण-पत्र के आधार पर संचालित हो रहे थे, लेकिन निर्धारित नियमों और शर्तों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से बालू का भंडारण एवं विक्रय कर रहे थे। अधिकारियों ने मौके पर उपलब्ध स्टॉक एवं अभिलेखों की जांच की, जिसमें अनियमितताएं सामने आईं।

प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अवैध रूप से भंडारित उपखनिज (बालू) को सीज कर दिया गया। इसके साथ ही तीनों प्रतिष्ठानों के परिसरों को भी सील कर दिया गया, ताकि अवैध गति. विधियों को तत्काल प्रभाव से रोका जा सके। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की टीम पूरे समय मौजूद रही तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन, उपखनिजों के अवैध भंडारण और अवैध व्यापार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप खनन नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने व्यापारियों से भी निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

# यंग गोल्ड क्रिकेट क्लब ने 10 विकेट से दर्ज की शानदार जीत

शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा।** मनसब अली मैदान में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें मुक. ाबले में यंग गोल्ड क्रिकेट क्लब टांडा ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्डन क्लब को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। मैच में यंग गोल्ड के खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभागों में शानदार खेल दिखाते हुए एकतरफा जीत हासिल की। मुकाबले के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मंडल युवा नगर अध्यक्ष मोहम्मद सलीम कसकर ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष पति मकसूद लाला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कस्बा इंचार्ज दरोगा के.पी. सिंह का आयोजन समिति द्वारा सम्मान किया गया। इसके अलावा मोहम्मद इकबाल और हाजी अली प्रिंस को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले यंग गोल्ड क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी उस्मान ख्वाजा को ष्मैन ऑफ द मैचष चुना गया। उन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष हाजी मोबीन, सईद सागर, आकिब गुल, पप्पू कदीर, महफूज आलम (दिल्ली वाले), मोहम्मद तौसीफ, महबूब आलम सहित कई गणमान्य लोग और खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि टूर्नामेंट के आगामी मुकाबले भी रोमांचक होने की उम्मीद है और क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिल रहा है।



# वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों एवं वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली मिलक पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार सुबह वारंटी अभियुक्त टिंकू पुत्र कल्याणराय निवासी ग्राम रहपुरा, थाना मिलक को उसके घर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय एसीजेएम (एसडी) द्वितीय, रामपुर में मामला विचाराधीन था और उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को संबंधित न्यायालय रामपुर में पेश कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों, वांछित अभियुक्तों और वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है तथा कानून से बचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# पटवाई में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, अस्पताल समेत चार प्रतिष्ठान सील

## संचालकों पर होगी एफआईआर, छापेमारी से मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**पटवाई।** क्षेत्र में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अस्पताल, दो क्लीनिक और एक एक्सरे सेंटर को सील कर दिया। जांच के दौरान संचालक आवश्यक और वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए सभी प्रतिष्ठानों को बंद करा दिया। विभाग ने संबंधित संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की भी तैयारी शुरू कर दी है। जानक. ारी के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार दोपहर अचानक पटवाई कस्बे पहुंची। टीम ने सबसे पहले रामपुर रोड स्थित एक एक्सरे सेंटर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान संचालक जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद टीम ने कस्बे के अंदर संचालित एक अस्पताल और दो क्लीनिकों की जांच की, जहां भी संचालक वैध अभिलेख प्रस्तुत करने में असफल रहे। स्वास्थ्य विभाग ने नियमों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए चारों प्रतिष्ठानों को मौके पर ही सील कर दिया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही कस्बे के अन्य अस्पताल, लैब और क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया। कई संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों के शटर गिरा दिए और मौके से फरार हो गए। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने बताया कि पटवाई में एक एक्सरे सेंटर, एक अस्पताल और दो क्लीनिकों को सील किया गया है। सभी संचालकों के खिलाफ नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



# शाहबाद में पत्रकारों ने धूमधाम से मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** 30 मई शनिवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के पदाधिकारियों और सदस्यों ने संगठन के कार्यालय पर एकत्र होकर हिंदी पत्रकारिता दिवस की एक दूसरे को बधाई दी। कहते हैं कि पंखों से उड़ान नहीं होती उड़ान तो हौसलों से होती है क्योंकि नसीब तो उनका भी होता है जिनके हाथ नहीं होते । जी हां उड़ान भरने के लिए हौसलों की आवश्यकता अधिक रहती है जिसका उदाहरण पत्रकारों में दिखाई देता है। पत्रकारों के लिए हिंदी पत्रकारिता दिवस एक अहम दिवस माना जाता है जिसमें पत्रकार अपने विचारों का आदान-प्रदान एक दूसरे से कर सकते हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस हर साल 30 मई को मनाया जाता है। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारों, लेखकों, और साहित्यकारों को सम्मानित किया जाता है और हिंदी पत्रकारिता के विकास में उनके योगदान को याद किया जाता है। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा नई बाजार स्थित अपने कार्यालय पर हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों को कलम व डायरी उपहार में देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान संरक्षक वीपी विद्यार्थी, अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संस्थापक एहसान खां, मार्गदर्शक सखावत अली, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, महिला अध्यक्ष नेहा गुप्ता, विधिक सलाहकार सुहैल खां, उपाध्यक्ष जहीर खां, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, संयुक्त सचिव फैजी खां, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज छोटे, सचिव तकरीर अहमद, सचिव शान मो, प्रचार मंत्री धर्मेंद्र सागर, सचिव इरफान मलिक, शावेज खां, कार्यालय प्रभारी राशिद अल्वी, तालिब, विकास मुल्तानी आदि रहे।



# 10वीं व 12वीं के टॉपर्स सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा जौहरा अंसारी व कक्षा 12वीं मानविकी में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली स्कूल टॉपर विदिशा गेहरवार को उनके माता-पिता व अभिभावकों सहित मंच पर बुलाकर माला पहनाकर व बुके, प्रशस्ति पत्र आदि देकर धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन एवं विद्यालय की प्रबंध निदेशक लीना सिंघल, प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। साथ ही कक्षा 10वीं के वैभव कुमार 94.4 प्रतिशत व वंशिका चौधरी 94.2 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं से वंशिका पाल 91.8 प्रतिशत व इशिता सिंह 89.6 प्रतिशत तथा वंशिका राजपूत 89.2 प्रतिशत व अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, मोहल्ले में मची अफरा-तफरी



( मो. फारूख असांरी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** खाना बनाते समय गैस लिकिस होने से गैस के सिलंडर मे आग लग गई जिस्से घर की मेहलाओ मे चीख पुकार मच गई मेहलाओ की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बझाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग पर काबू नही पा सके सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई गैस एजंसी संचालक ने कड़ी मुशक्कत के बाद आग पर काबू पाया नगर निवासी हाजी सलीम का घर बैक बड़ौदा के पीछे सनीवार को दोपहर का खाना उनकी बीवी बना रही थी कि अचानक गैस सिलंडर ने आग लग गई सिलंडर मे आग लगते ही घर मे चीख पुकार मच गई चीख पुकार की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग भी मौके पर पहुंच गए आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग बुझने का नाम नही ले रही थी सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई फायर ब्रिगेड को भी कयी बार फोन किया लेकिन नही पहुंच सकी नगर के इंडेन गैस एजंसी संच. ालक भी सूचना पाकर गैस किड लेकर मौके पर पहुंच गए गैस किड की मदद से आग पर काबू पाया तब जाकर मोहल्ले के लोगो ने राहत की सांस ली फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझने के एक घन्टे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियो ने मोहल्ले के लोगो को गैस सिलंडर मे लगी आग को बुझाने की जान कारी दी ।

# दूध लेने जा रही किशोरी को उठा ले गए बाइक सवार

( मो. फारूख असांरी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** शुक्रवार रात दूध लेने के लिए घर से निकली 10 वर्षीय किशोरी को कथित रूप से बाइक सवार दो युवक अपने साथ ले गए। ~~हालांकि किशोरी के शोर मचाने पर~~ उसे खुशहालपुर तिराहे के पास छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, सड़क वाले शिव मंदिर के पीछे रहने वाले एक ग्रामीण की पुत्री रात करीब आठ बजे दूध लेने के लिए दुकान पर जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उसका मुंह बंद कर उसे बाइक पर बैठा लिया और काशीपुर मार्ग की ओर ले गए। रास्ते में किशोरी ने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिसके बाद दोनों युवक उसे खुशहालपुर तिराहे के पास छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी सोहन पाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली तथा मामले की जांच शुरू कर दी। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उनके अनुसार बच्ची के देर से घर पहुंचने के कारण इस तरह की कहानी बताए जाने की आशंका भी है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।



# डीएम के निर्देश पर अवैध अस्पतालों, क्लीनिकों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर बड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह के निर्देशन में जनपदभर में अवैध रूप से संचालित चिकित्सीय संस्थानों एवं बिना मानक अथवा पंजीकरण के चिकित्सा व्यवसाय करने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर कई अस्पतालों, क्लीनिकों और स्वास्थ्य केंद्रों के विरुद्ध कार्रवाई की।

अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों तथा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधीक्षकों की टीमों ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान पंजीकरण, चिकित्सकीय मानकों, आवश्यक अभिलेखों तथा चिकित्सकों की उपलब्धता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 32 अस्पतालों, क्लीनिकों और स्वास्थ्य केंद्रों के विरुद्ध नियमानुसार सीलिंग, नोटिस एवं एफआईआर की कार्रवाई की गई। इनमें जीएस हॉस्पिटल, एसआर हेल्थ केयर सेंटर, जीनियस हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, खुशी जच्चा-बच्चा अस्पताल, शिफा डेंटल क्लीनिक, भारत डिजिटल एक्सरे सेंटर, ट्रस्ट हॉस्पिटल, गुड लाइफ चाइल्ड केयर, पाल क्लीनिक, किरण नर्सिंग होम, सलोनी नर्सिंग होम, न्यू आयुष्मान हॉस्पिटल, रॉयल हॉस्पिटल, एनसीआर हॉस्पिटल, मैक्स चाइल्ड केयर सेंटर, ग्लोबल हॉस्पिटल, स्टार हॉस्पिटल, कृष्णा हॉस्पिटल तथा नेशनल हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर सहित कई संस्थान शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण, मानकों के विपरीत अथवा अवैध रूप से चिकित्सा सेवाएं संचालित करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन का उद्देश्य मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा अवैध चिकित्सा व्यवसाय पर प्रभावी रोक लगाना है।



हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय
निकट कचहरी का दूसरा गेट कपूर फोटो के बराबर वाली गली रामपुर
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
सम्पर्क सूत्र: 9720093014
7906773314

# पंचायत के अगले दिन युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## घरेलू विवाद सुलझाने को ससुराल में हुई थी पंचायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** पारिवारिक विवाद सुलझाने को हुई पंचायत के अगले ही दिन युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम निवासी 25 वर्षीय थान सिंह खड़गवंशी पुत्र बाबूराम का शव सुबह करीब पांच बजे घर के अंदर फंदे से लटका मिला। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक युवक का वैवाहिक जीवन पिछले कुछ समय से तनावपूर्ण चल रहा था। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को लेकर शुक्रवार को आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव ओग.



पुरा स्थित उसकी ससुराल में पंचायत हुई थी। पंचायत में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था और बेटे के नाम कुछ जमीन दर्ज कराने पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद अगले ही दिन युवक द्वारा उठाए गए इस कदम ने सभी को हैरान कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सुमन और एक छोटे बेटे को छोड़ गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला की मौत पर भड़के परिजन, किया हंगामा

## अस्पताल कर्मियों ने कमरे में बंद होकर बचायी जान, नर्सिंग होम की ओटी सील की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोंककर चल रहे एक नर्सिंग होम में उस वक्त चीख-पुकार मच गई। जब एक डॉक्टर की लाप. रवाही ने एक नवजात की मां को हमेशा के लिए छीन लिया।

तहसील क्षेत्र गांव देहरी गुर्जर निवासी दीपक ने अपनी पत्नी नीलम को प्रसव पीड़ा होने पर 25 मई को नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया। इस दौरान महिला की हालत बिगड़ी तो अस्पताल स्टाफ उसे मेरठ ले गया।लेकिन वहां जच्चा महिला की मौत हो गई। एक तरफ मासूम की पहली किलकारी गूंजी, तो दूसरी तरफ मां की सांसें उखड़ गईं। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों के होश उड़ गये। मेरठ से महिला की लाश को लेकर परिजन अस्पताल पहुंच गये तथा वहां पर हंगामा काटने लगे। परिजन अस्पताल



संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। मंजर इतना खौफनाक था कि तीमारदारों की भीड़ से बचने के लिए नर्सिंग होम का स्टाफ दूसरी मंजिल के एक कमरे में ताला लगाकर अपने आपको को कैद करने को मजबूर हो गये। सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक धुर्वेंद्र कुमार ने तत्काल नर्सिंग होम की ओटी को सील कर दिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कुल्हाड़ी मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** युवक ने सगे भाई को कुल्हाड़ी का प्रहार करके घायल कर दिया। घटना के बाद हमलावर भाई कमरे का गेट बाहर से बंद करके फरार हो गया। चीख पुकार-सुनने पर आसपास के लोग एकत्र हुए और उसे दरवाजा खोल. कर बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायल पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला नाईपुरा निवासी 25 वर्षीय इरफान मेहनत मजदूरी करके परिवार का गुजारा करता है। आरोप है कि उसका भाई उसकी पत्नी से आए दिन गाली गलौच करता है। जिसका विरोध करने पर वह उससे रंजिश रखता है। आरोप है कि शुक्रवार रात करीब 12 बजे वह घर में सो रहा था। इस दौरान उसका छोटा भाई अजहरुद्दीन आया और उसने कुल्हाड़ी से उसपर कई वार करके घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने

**सगे भाई ने दिया घटना को अंजाम, रिपोर्ट दर्ज**

के बाद हमलावर भाई उसे कमरे में बंद कर भाग गया। वह रात भर कराहता रहा। शनिवार सुबह चीख पुकार-सुनने पर आसपास के लोग एकत्र हुए और उसे दरवाजा खोल. कर बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इरफान के रिश्तेदार आमिर ने हमलावर अजरूददीन के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी अजरूददीन के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# झमाझम बारिश ने गर्मी से दिलायी राहत

## तेज आंधी के चलते दिन में हुआ अंधेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पूरे मई माह लोगों को बेहाल करने वाली भीषण गर्मी के बीच शनिवार शाम हुई बारिश राहत लेकर आई। अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में छाए काले बादलों के बाद शुरू हुई बारिश ने गर्मी का असर काफी हद तक कम कर दिया। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं से मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली।

पिछले कई दिनों से जिले में तापमान लगातार बढ़ रहा था। तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। दोपहर के समय सड़कें और बाजार भी काफी हद तक सूने नजर आ रहे थे। गर्मी के चलते बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शनिवार शाम अचानक मौसम का रुख बदला और आसमान में बादल छा गए। कुछ ही देर में तेज



हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश होते ही लोगों के चेहरों पर खुशी दिखाई देने लगी। कई स्थानों पर बच्चे बारिश में भीगते नजर आए, जबकि लोगों ने घरों की छतों और दुकानों के बाहर खड़े होकर मौसम का आनंद लिया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में फैली उमस भी काफी कम हो गई। किसानों ने भी इस बारिश को फायदेमंद बताया है। उनका कहना है कि बारिश से खेतों में नमी बढ़ेगी और आगामी फसलों को लाभ मिलेगा। हालांकि कुछ निचले इलाकों में हल्का जलभराव भी देखने को मिला, लेकिन अधिकांश लोगों ने बारिश का स्वागत किया। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भीषण गर्मी से और राहत मिल सकती है।

# नीलगाय से टकराकर फैक्ट्री कर्मी की दर्दनाक मौत

## घर लौटते समय हुआ हादसा, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

हादसा शुक्रवार रात क्षेत्र के गांव ढक्का में हुआ। जानकारी के मुता. बिक क्षेत्र के गांव अपरौला निवासी किसान फत्तू सिंह का 25 वर्षीय बेटा हरवेंद्र सिंह मुरादाबाद स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। बुधवार शाम को वह छुट्टी पर घर आया था। शुक्रवार शाम गांव के ही रहने वाले अपने दोस्त आकाश चौहान के साथ किसी काम से अमरोहा रोड स्थित कताई मिल अड्डा आया था। दोनों देर शाम बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। गांव ढक्का के जंगल मे अचानक खेत से निकली नीलगाय ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में हरवेंद्र की मौके पर ही मौत



हो गई जबकि आकाश चौहान घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के परिवार में पिता फत्तू सिंह के अलावा पत्नी नीरज देवी, बेटी कशिश, बेटा ऋतिक व छोटा भाई रविंद्र हैं। दो साल पहले मां क्रांति देवी की मौत हो चुकी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि नीलगाय की टक्कर से युवक की मौत हुई है तथा उसका साथी घायल हुआ है।

## एक नजर

### जनगणना प्रगणक से ग्रामीण ने की अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक के ग्राम ईटा में जनगणना कार्य में लगे प्रगणक शिक्षक शिव कुमार से ग्रामीण द्वारा अभद्रता करने,गाली गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी को लेकर तहसीलदार से कार्यवाही की मांग की गई है। शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, शिव कुमार,मितेश नागर, पवन कुमार,बलवीर सिंह,सुंदर सिंह,प्रमोद कुमार,कमरे आलम, मनोज कुमार ने आरोपी ग्रामीण के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने इस मामले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आरोपी ग्रामीण के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

### दबंगों ने बाइक सवार युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक विनय कुमार पुत्र निहाल सिंह जो गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौरा का निवासी है। उसने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विनय कुमार 28 मई की शाम को हसनपुर अपनी बहन शिवानी के घर गया था। देर रात करीब 8:30 बजे जब वह मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहा था। तभी भीमा ठीकरी गांव के पास बाइक सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने विनय के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने बेल्ट से उसकी पीठ और कंधे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार लगभग 10 दिन पहले उसका गांव के ही मोहित पुत्र रतन सिंह से किसी बात पर विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश के चलते मोहित ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर हसनपुर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम पंचायत सदस्य की संदिग्ध मौत पर बवाल

## ससुरालियों पर जहर देने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव गंगदासपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिवाई गांव निवासी खालिद हुसैन ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री मेहरबी का विवाह चार वर्ष पूर्व गंगदासपुर निवासी शाहिद के पुत्र बब्लू के साथ किया था। मेहरबी जिवाई गांव की ग्राम पंचायत सदस्य थी दंपति के एक पुत्र और एक पुत्री हैं। बताया जाता है कि शनिवार सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहा. सुनी हो गई। मायके पक्ष का आरोप है कि इसके बाद ससुरालियों ने मेहरबी को जहर दे दिया।आरोप है कि हालत बिगड़ने पर ससुराल पक्ष उसे पांयती कलां स्थित एक निजी अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए भर्ती करने से मना कर दिया। इसके बाद बिना मायके पक्ष को सूचना दिए उसे



**पति से कहासुनी के बाद बिगड़ी हालत, चार साल पहले हुई थी शादी**

पाकबड़ा स्थित डीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार दोपहर करीब तीन बजे मेहरबी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तेज आंधी ने मचाई जमकर तबाही

## बिजली के खम्भे टूटकर गिरने से कई घंटे विद्युत आपूर्ति रही बाधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीती रात व शनिवार की शाम आयी तेज आंधी ने एक बार फिर जिले में जमकर कहर बरपाया। आंधी के चलते दर्जनों पेड़ टूटकर गिर

**सैकड़ो पेड़ गिरे, आम की फसल को नुकसान**

गये जबकि विद्युत पोल भी धराशाही हो गये। जिससे कई घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। भीषण गर्मी में लाइट न आने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा सड़कों पर लगे होडिंग भी हवा के साथ उड़ गये।

गुलड़िया बिजली घर में फाल्ट आने के बाद उपभोक्ताओं के घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद हो गए। पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन बिजली संबंधी समस्याएं सामने आती हैं, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विभाग से स्थायी समाधान की मांग की



है। उधर, तेज आंधी के कारण कैलसा, डिडौली और मुरादनगर क्षेत्र में बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचा। शहर से लेकर गांवों तक पेड़ और उनकी टहनियां टूटकर बिजली तारों पर गिर गईं, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के करीब 50 खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके चलते कई गांवों में घंटों तक अंधेरा छाया रहा। अधिशासी अभियंता निखिल वर्मा ने बताया कि आंधी के कारण विभिन्न क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई थी। घरेलू आपूर्ति से जुड़े आठ क्षतिग्रस्त खंभों को दुरुस्त कर बिजली बहाल कर दी गई है, जबकि ट्यूबवेल लाइनों की मरम्मत का कार्य जारी है। विभाग की टीमें लगातार फॉल्ट तलाशने और लाइनों की पेट्रोलिंग में जुटी हुई हैं। शहरी क्षेत्र भी बिजली संकट से अछूता नहीं रहा। कलक्ट्रेट बिजलीघर से जुड़े कई मोहल्लों में करीब दो घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। बार-बार ट्रिपिंग और बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लाइनों की पेट्रोलिंग की जा रही है।

### कालेज की दीवार तोड़कर नाले में घुसी ट्रैक्टर-ट्राली




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शेरपुर चुंगी स्थित लाइंस कन्या इंटर कॉलेज के सामने शनिवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पीछे की ओर लुढ़क गई। ट्रैक्टर-ट्राली कॉलेज की बाहरी दीवार तोड़ते हुए नाले में जा घुसी। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई राहगीर या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम नगलिया निवासी नितिन शनिवार सुबह करीब पांच बजे ट्रैक्टर-ट्राली में पॉपुलर की लकड़ियां लादकर चांदपुर की एक प्लाईवुड फैक्ट्री में जा रहा था। शेरपुर चुंगी के पास चेकिंग कर रहे अधिकारियों ने उसे रुकने का इशारा किया। चालक ने ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खड़ी कर दी और कागजात दिखाने के लिए अधिकारियों के पास चला गया। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्राली अचानक पीछे की ओर खिसकने लगी। ढलान होने के कारण लकड़ियों से भरी ट्राली ने तेजी पकड़ ली और सीधे लाइंस कन्या इंटर कॉलेज की दीवार से टकरा गई। टक्कर से दीवार का एक हिस्सा टूट गया और ट्राली का पिछला भाग नाले में जा घुसा।

### द आर्यन्स में समर कैम्प का रंगारंग समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** द आर्यन्स स्कूल, जोया में आयोजित सात दिवसीय 12वें समर कैंप का शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। 22 मई से शुरू हुए कैंप में 7 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने खेल, कला, संगीत, नृत्य, कंप्यूटर, योग, ताइक्वांडो, स्केटिंग, फोटोग्राफी, घुड़सवारी, पॉटरी समेत विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह, निदेशक अमन लिट्ट, गौरव चौधरी एवं प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, वादन और अन्य गतिविधियों में सीखी गई प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। निदेशक अमन लिट्ट ने कहा कि समर कैंप बच्चों को मनोरंजन के साथ नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# कार चालक को बचाने में अनियंत्रित हुआ था डंपर

## हनुमान मंदिर हादसा! ब्रेक ने नहीं दिया साथ, बचाव की कोशिश में हुई थी तीन की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गांव मिलक छावी के हनुमान मंदिर में डंपर घुसने से हुई तीन लोगों की मौत के मामले में गठित तकनीकी समिति की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है। जांच में ब्रेक प्लेट चिपकने के साथ-साथ हादसे की एक और अहम वजह सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक डंपर चालक ने आगे चल रही कार के चालक को बचाने के लिए अचानक स्टेयरिंग मोड़ दिया था, जिसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर मंदिर परिसर में जा घुसा था। इस हादसे में तीन लोगों की जान चली गई थी जबकि चार अन्य घायल हुए थे।

जानकारी के मुताबिक बीती 26 मई की शाम अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में कांठ रोड पर मुरादाबाद की तरफ से आ रहा बजरी लदा डंपर अनियंत्रित होकर गांव मिलक छावी में सड़क किनारे स्थित हनुमान मंदिर में जा घुसा था। मन्दिर परिसर में बने पंडाल में उस समय सुंदरकांड का पाठ चल रहा था।

**मंदिर हादसे पर तकनीकी समिति की रिपोर्ट, सामने आया नया कारण**

हादसे में गांव छावी निवासी परम सिंह, गांव नारायणपुर निवासी महिपाल सिंह व रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर पट्टी निवासी पांच वर्षीय आर्यवीर की मौत हो गई थी तथा चार लोग घायल भी हुए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना पर दुख जताया था। मामले में गिरफ्तार उत्तराखंड निवासी डंपर चालक देवेंद्र सिंह ने हादसे का कारण डंपर की ब्रेक प्लेट चिपकना बताया था। वहीं, हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने महीपाल का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था। एसपी ने छह थानों का फोर्स बुलाकर बिगड़ती स्थिति पर काबू पाया था। वहीं, डीएम डा. नितिन गौड़ के निर्देश पर हादसे की जांच के लिए तकनीकि समिति गठित की गई थी। जिसकी रिपोर्ट अब सार्वजनिक कर दी गई है। समिति ने जांच रिपोर्ट ब्रेक प्लेट चिपकने के साथ ही एक नए कारण का उल्लेख किया है। एआरटीओ महेश शर्मा ने बताया कि डंपर के आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक ले लिए थे। सड़क पर रुकने के बाद वह खिड़की खोल कर उतरने की कोशिश कर रहा था। जिसे बचाने के लिए देवेंद्र ने तेजी के साथ स्टेयरिंग मोड़ दिया था। इससे डंपर अनियंत्रित हो गया था, फिर ब्रेक नहीं लगे तथा वह मंदिर परिसर में जा घुसा।

# महिला थाने में जेठ ने भाभी को थप्पड़ जड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला थाने में जेठ ने विवाहिता के थप्पड़ जड़ दिया। पुलिस ने विवाद बढ़ता देख दोनों में बीच बचाव कराया। इसके बाद पति व जेठ जान से मारने की धमकी देते कॉउंसलिंग छोड़कर थाने से भाग खड़े हुए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव हसूपूरा निवासी साबिर ने अपनी बेटी रूखसार की शादी नौगवां सादात क्षेत्र के रहने इरफान से की है। फिलहाल दंपत्ति मे विवाद चल रहा है। मायके में पिता के साथ रहने वाली रुखसार ने कुछ दिन पहले शिकायती पत्र महिला थाने में दिया था। शुक्रवार को दोनों को पुलिस ने काउंसलिंग के लिए थाने बुलाया था। इरफान अपने बड़े भाई हसीन तो रुखसार अपनी बड़ी बहन रुकसाना को साथ लेकर आई थी। बताया जाता है कि पुलिस मौजूदगी में चल रही बातचीत के दौरान आरोप प्रत्यारोप के बीच बात बिगड़ती चली गई और हसीन ने रुखसार के थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद पति इरफान ने भी जान से मारने की धमकी दी। दोनों काउंसलिंग बीच में छोड़ कर भाग गए। सीओ अवध भान भदौरिया ने मामले आरोपी हसीन व इरफान के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चीन की वांग शियायू पहली बार फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में

**पेरिस।** चीन की वांग शियायू शुक्रवार को यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा पर 6-3, 7-5 से जीत के साथ अपने करियर में पहली बार फ्रेंच ओपन महिला सिगल्स के आखिरी 16 में पहुंच गई।वांग ने धीमी शुरुआत की और पहले सेट में 0-3 से पीछे हो गईं, लेकिन फिर मैच का रुख पलट दिया। चीनी खिलाड़ी ने चौथे गेम में स्टारोडुबत्सेवा की सर्विस तोड़ी और जल्द ही मोमेंटम हासिल कर लिया, लगातार छह गेम जीतकर सेट 6-3 से जीत लिया।दूसरा सेट काफी कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने पूरे समय गेम बदले। वांग ने आखिरी स्टेज में अपना धैर्य बनाए रखा और सेट 7-5 से जीतकर अगले राउंड में जगह पक्की कर ली।

### राष्ट्रीय चैंपियन बनी छत्तीसगढ़ की बालिका बास्केटबॉल टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जूनियर बालिका बास्केटबॉल टीम ने पुड्डुचेरी में आयोजित जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में केरल को 55-51 अंकों से हराकर 14 वर्षों बाद राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।प्रतियोगिता का आयोजन बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पुड्डुचेरी बास्केटबॉल एसो.के सहयोग से किया था। खिताबी मुकाबले में छत्तीसगढ़ की ओर से दिव्या रंगारी ने सर्वाधिक 22 अंक जुटाए। टीम की कप्तान अंजली कोडापे ने 14 अंक बनाए।

### शार्दुल संभालेंगे ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स की कमान

**ठाणे।** ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने आगामी टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए भारत के स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। मुंबई क्रिकेट के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार शार्दुल ठाकुर भारत का विभिन्न प्रारूपों में पहले भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। फ्रेंच. इजी का यह फैसला निश्चित तौर पर पिछले सीजन में सेमीफाइनल में मिली हार की रार से आगे निकलकर ट्रॉफी जीतने के मजबूत इरादे को दर्शाता है।

### भारत की महिला हॉकी टीम फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारी

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ यह चार मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही। पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की 9वें नंबर की टीम भारत के लिए नवनीत कौर और दीपिका सोरेंग ने गोल किए, जबकि हॉकी रैंकिंग में आठवें नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया ने एबी विल्सन ओलिविया डाउन्स और कोर्टनी शोनेल के गोल से जवाब दिया। सलीमा टेटे की लीडरशिप में भारत ने शानदार शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में नवनीत कौर के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल मेहमान टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी।

# आरसीबी और गुजरात की नजरें दूसरी बार खिताब जीतने पर

**अहमदाबाद, वार्ता।**

**आईपीएल 2026** का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खेला जाएगा। जीटी अपने किले अहमदाबाद में उतरेगी, जहां उसका जीत प्रतिशत 63 है और यह टीम का तीसरा आईपीएल फाइनल है।

संयोग से उसके तीनों फाइनल का वेन्यू अहमदाबाद ही रहा है। दूसरी तरफ आरसीबी की सबसे बड़ी ताकत उसका सामूहिक प्रदर्शन रहा है। इस सीजन टीम की 10 जीत में 8 अलग अलग खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मैच बने हैं। आरसीबी ने क्वालीफायर 1 में जीटी को बड़े अंतर से हराया था। जीटी की टीम उस हार का बदला लेते हुए अपनी दूसरी ट्रॉफी हासिल करने का प्रयास करेगी। फाइनल में जीटी की उम्मीदें एक बार फिर राशिद खान पर टिकी होंगी, क्योंकि आरसीबी के कई प्रमुख बल्लेबाज उनके खिलाफ संघर्ष करते नजर आए हैं। विराट कोहली ने टी 20 क्रिकेट में राशिद के खिलाफ 12 पारियों में 131 रन बनाए हैं, लेकिन तीन बार अपना विकेट भी गंवाया है। देवदत्त पड़िक्कल का रिकॉर्ड और भी कमजोर रहा है। उन्होंने आईपीएल में राशिद के सामने नौ पारियों में सिर्फ 40 रन बनाए हैं और पांच बार आउट हुए हैं। टिम डेविड भी 17 टी 20 पारियों में राशिद के खिलाफ 70 रन ही बना सके हैं, जबकि तीन बार आउट हुए हैं। नई गेंद से आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार सबसे बड़े हथियार साबित हो सकते हैं। जीटी के दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। शुभमन गिल ने आईपीएल में भुवनेश्वर के सामने 14 पारियों में सिर्फ 80 रन बनाए हैं और छह बार अपना विकेट गंवाया है, जबकि उनका स्ट्राइक रेट भी महज 101 का रहा है। वहीं जॉस बटलर का रिकॉर्ड भी ज्यादा बेहतर नहीं है। टी 20 क्रिकेट में बटलर ने भुवनेश्वर के खिलाफ 21 पारियों में 123 रन बनाए हैं, लेकिन नौ बार आउट हुए हैं। आरसीबी के शीर्ष क्रम के सामने फाइनल में मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा की जोड़ी बड़ी चुनौती पेश कर सकती है। टी 20 क्रिकेट में कोहली ने रबाडा के सामने 17 पारियों में 131 रन बनाए हैं, लेकिन पांच बार आउट भी हुए हैं। वहीं पड़िक्कल का रिकॉर्ड सिराज के खिलाफ भी बहुत मजबूत नहीं है। आईपीएल में दोनों की भिड़ंत की आठ पारियों में पड़िक्कल ने 45 रन बनाए हैं और तीन बार अपना विकेट गंवाया है।



आईपीएल 2026 का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच आज खेला जाएगा, जीटी अपने किले अहमदाबाद में उतरेगी, जहां उसका जीत प्रतिशत 63 है

आईपीएल प्लेऑफ में जॉश हेजलवुड ने सिर्फ सात पारियों में 14 विकेट लिए हैं और उनका स्ट्राइक रेट शानदार 11-6 का रहा है। सात प्लेऑफ पारियों में वह पांच बार दो या उससे ज्यादा विकेट ले चुके हैं। सबसे दिलचस्प आंकड़ा उनका फाइनल रिकॉर्ड है। हेजलवुड ने अब तक खेले पांचों टी 20 फाइनल और चारों वनडे फाइनल जीते हैं। इनमें आईपीएल के दो फाइनल भी शामिल हैं।

ऐसे में आरसीबी को उम्मीद होगी कि बड़े मैचों में जीत दिलाने का उनका यह सुनहरा सिलसिला अहमदाबाद में भी जारी रहे। गिल और साई सुदर्शन ने इस सीजन 15 पारियों में 886 रन जोड़े हैं, जो आईपीएल 2026 में किसी भी जोड़ी द्वारा सबसे ज्यादा हैं। इस दौरान उनका औसत 63-3 और स्ट्राइक रेट 177 का रहा है, जबकि चार शतकीय और दो अर्धशतकीय साझेदारियां भी आई हैं। साझेदारी में दोनों का योगदान लगभग बराबर रहा है, लेकिन गिल ने 173 के स्ट्राइक रेट से 421 रन बनाकर थोड़ा ज्यादा आक्रामक भूमिका निभाई है, जबकि साई ने 156 के स्ट्राइक रेट से 406 रन जोड़े हैं। आरसीबी के खिलाफ भी यह जोड़ी तीन पारियों में 187 रन बना चुकी है और अहमदाबाद में तो उनका रिकॉर्ड और भी शानदार है, जहां 23 पारियों में उन्होंने 1384 रन जोड़े हैं।

आईपीएल 2026 में जब जब गिल और सुदर्शन की जोड़ी पांचवें ओवर के बाद तक साथ रही है, तब जीटी ने सात में से छह मैच जीते हैं और सिर्फ एक में हार का सामना किया है। इसके उलट जब यह साझेदारी पांचवें ओवर से पहले टूट गई, तब टीम का रिकॉर्ड चार जीत और चार हार का रहा है। यह आंकड़ा दिखाता है कि जीटी के लिए शुरुआती विकेट कितना बड़ा फैक्टर है। फाइनल में आरस. ीबी की कोशिश नई गेंद से गिल या साई में से किसी एक को जल्दी आउट करने की होगी। क्वालिफायर 1 और क्वालिफायर 2 दोनों में जेसन होल्डर ने दो दो विकेट लिए थे।

# सूर्यवंशी ने 440 गेंदों में आईपीएल में 1000 रन पूरे किए

**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल सबसे कम गेंदों में 1000 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 440 गेंदें खेलीं, जो सबसे तेज हैं।

आंद्रे रसेल इससे पहले सबसे तेज थे, जिन्होंने इसके लिए 545 गेंदें खेली थीं। सूर्यवंशी आईपीएल में 1000 रन बनाने वाली पारियों के मामले में दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं। शॉन मार्श ने सिर्फ 21 पारियों में यह मुकाम हासिल किया, जबकि लेंडल सिमंस ने 23 पारियों में, जो सूर्यवंशी के बराबर है।आईपीएल 2026 में सूर्यवंशी ने कुल 135 बाउंड्री लगाईं, जिसमें रिकॉर्ड 72 छक्के शामिल हैं, जो किसी भी टी 20 टूर्नामेंट में किसी भी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले सबसे ज्यादा 128 बाउंड्री बटलर ने आईपीएल 2022 में लगाई थीं, जिन्होंने 83 चौके और 45 छक्के लगाए थे। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 16 पारियों में 776 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 237-30 रहा और इनमें से 684 रन सिर्फ चौकों और छक्कों से आए। सूर्यवंशी पिछली चार पारियों में नर्वस नाइनटीज में 3 बार आउट हुए हैं। वे आईपीएल में नाइनटीज में सबसे ज्यादा आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल में हारीं

**नई दिल्ली।** शनिवार यानी 30 मई को विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 में क्वालीफाई करने से चूक गई हैं। 31 साल की इस रेसलर को मीनाक्षी गोयत ने सेमीफाइनल में 53 केजी वेट कैटिगिरी में 6-4 से हरा दिया। इस हार के साथ अब विनेश फोगाट बाहर हो गई हैं।

इससे पहले विनेश फोगाट ने अपना अनुभव और क्लास दिखाते हुए नीशू को हराया था और सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। वहीं अपने पहले मैच में विनेश ने ज्योति को 7-1 से हराया था। 48 घंटों की उथल-पुथल के बाद विनेश की कोर्ट पर यह दमदार वापसी थी। विनेश की वापसी में सुप्रीम कोर्ट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की अहम भूमिका रही। ट्रायल में विनेश की



मीनाक्षी गोयत ने सेमीफाइनल में 53 केजी वेट कैटिगिरी में 6-4 से हरा दिया, इस हार के साथ अब विनेश फोगाट एशियन गेम्स के लिए नहीं कर सकीं क्वालीफाई

भागीदारी की पुष्टि शुक्रवार को ही हुई थी, जब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी थी। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि देश के लिए उनके योगदान को देखते हुए, वह इस मौके की हकदार हैं। इससे पहले, डब्ल्यूएफआई ने जोर देकर कहा था कि वह केवल 50 किग्रा वर्ग में ही प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। यह एक ऐसा फैसला था जिसका उन्होंने जोरदार विरोध किया था और महासंघ पर पक्षपात का आरा. ेप लगाया था। भारतीय कुश्ती महासंघ द्धडब्ल्यूएफआईऋ के अध्यक्ष संजय सिंह के दखल और संगठन की ओर से की गई कार्रवाई के बाद, शनिवार सुबह विनेश को 53 किग्रा वर्ग के ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत मिली। मीनाक्षी गोयत भारत की उभरती हुई फ्रीस्टाइल रेसलर हैं, जो 53 केजी वेट कैटेगिरी में कंपीट करती हैं।

25 साल की इस रेसलर ने पिछले कुछ समय में काफी इम्प्रेस किया है। मीनाक्षी ने भारतीय स्पोर्ट्स के कई बड़े नामों को हराकर सुर्खियां बटोरी हैं। मार्च 2026 में मीनाक्षी गोयत ने नेशनल ट्रायल्स में 2 बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट अंतिम पंघाल को हराकर सबको हैरान कर दिया था ।विनेश फोगाट ने एशियन गेम्स ट्रायल्स में पहला और दूसरा मुकाबला जीता था।

# ऑरेंज कैप में सूर्यवंशी के पास बड़ी बढ़त

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के दौरान ऑरेंज कैप की रेस में लंबे समय तक बने रहने वाले तीन बल्लेबाज शुक्रवार रात न्यू चंडीगढ़ में क्वालीफायर 2 के दौरान मैदान पर थे। ऐसे में यह लगभग तय था कि ऑरेंज कैप की सूची में कोई बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

वहीं पर्पल कैप की सूची में भी बड़ा बदलाव हुआ और नंबर एक पर अब भुवनेश्वर कुमार नहीं हैं। वैभव सूर्यवंशी, बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल तीनों ने बड़े मैच में अपनी छाप छोड़ी। सबसे पहले सूर्यवंशी बल्लेबाजी करने उतरे। पिछले मैच में वह आईपीएल इतिहास का सबसे तेज शतक बनाने के बेहद करीब पहुंचे थे। इस बार परिस्थितियां कुछ अलग थीं और उन्होंने थोड़ा संयम दिखाया, लेकिन फिर भी 47 गेंदों में 96 रन की शानदार पारी खेली। वह अपने सीजन के दूसरे शतक से चूक गए, लेकिन इससे उनके अभियान की चमक



फाइनल मुकाबले में गिल और सुदर्शन दोनों की नजर आईपीएल ट्रॉफी के साथ ऑरेंज कैप पर भी होगी

कम नहीं हुई। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 का अंत 776 रन के साथ किया। इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात उनका 237-30 का स्ट्राइक रेट रहा।हालांकि इस मैच के सबसे बड़े सितारे गिल रहे। उन्होंने जीटी की रन चेज को 53 गेंदों में 104 रन बनाकर आगे बढ़ाया। इस शतक के साथ उनके सीजन के रन 722 हो गए। वह अब भी सूर्यवंशी से 54 रन पीछे हैं, लेकिन उनके पास फाइनल खेलने का मौका बाकी है।साई सुदर्शन भी इसी स्थिति में हैं। उन्होंने गिल के साथ पहले विकेट के लिए 167 रन जोड़े और 32 गेंदों में 58 रन बनाए। हालांकि लगातार दूसरे मैच में वह हिट विकेट होकर आउट हुए। इसके बावजूद उनके नाम अब 710 रन हो चुके हैं। जब जीटी रविवार को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी, तब गिल और सुदर्शन दोनों की नजर आईपीएल ट्रॉफी के साथ ऑरेंज कैप पर भी होगी। वहीं विराट कोहली के लिए ऑरेंज कैप जीतना अब मुश्किल दिखाई देता है। आरसीबी के सबसे सफल बल्लेबाज कोहली फलिहाल 600 रन पर हैं। लंबे समय तक पर्पल कैप अपने पास रखने वाले भुवनेश्वर कुमार आखिरकार शीर्ष स्थान से हट गए हैं। उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी कगिसो रबाडा ने अब पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है। रबाडा ने आरआर की पारी के दूसरे ओवर में ध्रुव जुरेल का विकेट लिया और फिर 18वें ओवर में सूर्यवंशी को आउट किया।इन दो विकेटों के साथ रबाडा के कुल विकेट 28 हो गए हैं। वह भुवनेश्वर से दो विकेट आगे निकल चुके हैं।

### वेस्टइंडीज ने पाक को हराया

**डबलिन।** आयरलैंड में महिला ट्राई-सीरीज में वेस्टइंडीज को दो में से दो मैच जीतने में मदद करने के लिए कई खिलाड़ियों ने अहम योगदान दिया। गुरुवार को मेजबान टीम के खिलाफ अपना पहला गेम जीतने के बाद, वेस्टइंडीज ने सिर्फ 24 घंटे बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और एशियाई टीम को 25 रन से हरा दिया।हालांकि डिएंड्रा डॉटिन और कियाना जोसेफ ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन कप्तान हेली मैथ्यूज ने 20 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 40 रन बनाकर अपनी टीम के लिए शुरुआत में ही लय बना दी। मैथ्यूज के जाने के बाद स्टेफनी टेलर ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन 39 रन पर आउट हो गईं। डेथ ओवर्स में, चिनेल हेनरी और जैनिलिया ग्लासगो की जोड़ी ने पाकिस्तान के अटैक की धज्जियां उड़ा दीं और वेस्टइंडीज को 200 रन से एक रन कम बनाने में मदद की। हेनरी 33 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# आईसीसी ने डा. रोस रिवाज को नया इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने डा. रोस रिवाज को तीन साल के लिए इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया है, जिसे तीन साल के और कार्यकाल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

डा. रिवाज अभी एंग्लियन वॉटर और यूके कंपनीज हाउस के चेयर के तौर पर काम कर रही हैं। अपने पूरे करियर में, डा. रिवाज एक एक्टिव और एंगेज्ड बोर्ड मेंबर रही हैं, उन्होंने सरकारी, कमर्शियल और कम्युनिटी सेक्टर में साइट विजटि और स्टेकहोल्डर से बातचीत की है। गवर्नेंस, कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी और ऑपरेशनल असर की उनकी गहरी समझ, डाइवर्सिटी और इनक्लूजन के प्रति उनके कमिटमेंट से पूरी होती है, जिससे वह आईसीसी बोर्ड का एक मजबूत हिस्सा बन गई हैं। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने इस अपॉइंटमेंट का स्वागत करते हुए कहा कि डा. रिवाज का इंटरनेशनल लीडरशिप एक्सपीरियंस और गवर्नेंस एक्सपर्टीज काम आएगी। ष्जैसे-जैसे क्रिकेट दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहा है और मैदान पर और मैदान के बाहर नए मौके ढूंढ रहा है, उनकी स्ट्रेटेजिक समझ, स्वतंत्र नजरिया और मजबूत गवर्नेंस के लिए कमिटमेंट बहुत कीमती होगा।अपने कॉर्पोरेट रोल के अलावा, डा. रिवाज कम्युनिटी और एजुकेशनल कामों में भी एक्टिव रूप से शामिल रही हैं। उन्होंने युवा महिलाओं को स्टेम एजुकेशन के लिए बढ़ावा देने वाले प्रोग्राम को सपोर्ट किया है, साथ ही कई चैरिटेबल और लोकल कम्युनिटी प्रोजेक्ट में भी योगदान दिया है।

# सिनर के बाद जोकोविच भी फ्रेंच ओपन से हुए बाहर

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन में ब्राजील के टीनेजर जोआओ फोंसेका से दो सेट की लीड गंवाने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाले सबसे नए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी बन गए।

19 साल के फोंसेका ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को कोर्ट फिलिप-चैटियर पर चार घंटे 53 मिनट तक चले रोमांचक तीसरे राउंड के मुकाबले में हराया। ब्राजील के यह खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम मैच में जोको. विच को हराने वाले पहले टीनेजर बने और पहली बार किसी मेजर के आखिरी 16 में पहुंचे।फोंसेका ने कहा, ष्मैं बस जितनी तेजी से हो सके बॉल को हिट करने की को. शिश कर रहा था। जोकोविच चूकते नहीं हैं, और हमें अब भी

**जोआओ फोंसेका से दो सेट की लीड गंवाने के बाद बाहर होने वाले सबसे नए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी बने**

लगता है कि वह 20 साल के हैं। रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम सिगल्स टाइटल की तलाश में लगे जोको. विच ने मैच के बाद अपने युवा विरोधी की तारीफ की। 39 साल के अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, ष्मैच जीतने के असली हकदार जोआओ को बहुत बड़ा क्रेडिट जाता है। बिना किसी शक के वह जरूरी मौकों पर बेहतर खिलाड़ी थे। सर्बियाई खिलाड़ी के बाहर होने से एक दिन पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर को अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से दूसरे राउंड में चौंकाने वाली हार मिली थी।कलाई की चोट की वजह से टूर्नामेंट से पहले डिफेंडिग चैंपियन कार्लोस अल्काराज के हटने के साथ, जो. कोविच और सिनर के जाने से पुरुषों के ड्रॉ में बड़ा बदलाव आया है और यह पक्का हो गया है कि रौलां गैरो इस साल पहली बार पुरुषों का नया ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनाएगा।दूसरे सीड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रेंचमैन क्वेंटिन हेलिस पर 6-4, 6-3, 5-7, 6-2 से जीत हासिल करके चौथे राउंड में पहुंचने के साथ अपने टाइटल की उम्मीदों को जिंदा रखा। जर्मन खिलाड़ी, जो 2024 में पेरिस में रनर-अप रहे थे, अब पुरुषों के फील्ड में सबसे आगे चल रहे दावेदारों में से एक हैं। दो बार के फ्रेंच ओपन रनर-अप कैस्पर रूड भी अमेरिकी टॉमी पॉल को पांच सेट में हराकर आगे बढ़े।

## टी-20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद बोले साई सुदर्शन

# अब किसी ग्रिप टेक्नोलॉजी का प्रयोग करना होगा

**न्यू चंडीगढ़।** एक बार हिट विकेट होना बदकस्मिती माना जा सकता है, लेकिन लगातार दो मैचों में ऐसा होना बेहद अजीब घटना है। गुजरात टाइटंस (जीटी) के ओपनर साई सुदर्शन अब अपने टी- 20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद एक अनचाहे रिकॉर्ड का हिस्सा बन गए हैं।

हालांकि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर 2 में जीत और टीम के आईपीएल 2026 फाइनल में पहुंचने के बाद वह इस पर हंसते हुए भी नजर आए।सुदर्शन ने कहा, ष्मुझे लगता है अब कुछ नया ट्राई करना पड़ेगा। अब शायद मैं कुछ ग्रिप टेक्नोलॉजी आजमाऊंगा। कुछ गेंदें खेलकर देखूंगा कि क्या फर्क पड़ता है। लेकिन सच कहूं तो मेरे पास भी इसका कोई जवाब नहीं है



गुजरात टाइटंस ( जीटी ) के ओपनर साई सुदर्शन अब अपने टी- 20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद एक अनचाहे रिकॉर्ड का हिस्सा बन गए हैं

कि ऐसा कैसे हुआ।आरसीबी के खिलाफ क्वालीफायर 1 में सुदर्शन अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन तीसरे ओवर में जैकब डफी की गेंद पर कट शॉट खेलते समय उनका बल्ला हाथ से छूट गया। गेंद बाउंड्री तक पहुंचती उससे पहले बल्ला उछलकर लेग स्टंप से टकरा गया और वह हिट विकेट आउट हो गए।आरआर के खिलाफ मुकाबले में भी लगभग वही नजारा देखने को मिला। 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुदर्शन एक और बड़ी पारी की ओर बढ़ रहे थे। उन्होंने शुभमन गिल के साथ शानदार ओपनिग साझेदारी की और सिर्फ 32 गेंदों में 58 रन बना डाले। लेकिन बृजेश शर्मा की लो फुल टॉस गेंद को ऑफ साइड में ड्राइव करने के दौरान उनका बल्ला फिर हाथ से निकल गया और सीधे स्टंप्स पर जा लगा।सुदर्शन हैरानी में सिर झुकाए वापस लौटे, जबकि दूसरे छोर पर खड़े गिल घुटनों के बल बैठ गए और यकीन नहीं कर पाए कि अभी क्या हुआ है। साई सुदर्शन पहली बार 2022 में ब्रेबॉर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हिट विकेट हुए थे। टी-20 क्रिकेट में अब उनके साथ सिर्फ आंद्रे रसेल और शोएब मलिक ही ऐसे बल्लेबाज हैं जो तीन बार हिट विकेट आउट हुए हैं। सुदर्शन ने कहा कि पिछले मैच में बल्ला कुछ बार उछला और फिर स्टंप्स से टकराया था।

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

## रास्ता बंद करने पर तहसील, राजस्व और विनियमित विभाग की संयुक्त कार्रवाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव मोहड़ा में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विकसित की जा रही कॉलोनी के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग और विनियमित क्षेत्र विभाग की संयुक्त कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार गांव मोहड़ा निवासी पल्लवी पत्नी राहुल कुमार ने उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसके पुश्तैनी खेत पर जाने का रास्ता कॉलोनी विकसित कर रहे कुछ लोगों ने अवैध रूप से रास्ता बंद कर दिया है। पीड़िता का आरोप था कि जब वह अपने खेत पर जाने का प्रयास करती है तो संबंधित लोग उसे धमकाते हैं और आने-जाने से रोकते हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की टीम को जांच के निर्देश दिए। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई का निर्णय लिया।

शनिवार को नायब तहसीलदार कपिल आजाद के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्रशासनिक कार्रवाई शुरू होते ही संबंधित लोग मौके से फरार हो गए। जेसीबी द्वारा दीवारों और अन्य अवैध निर्माणों को हटाकर बंद किया गया रास्ता खुलवाया गया।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध प्लाटिंग और भू-माफियाओं के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई से कानून का संदेश गया है। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति प्लाटिंग और सार्वजनिक अथवा वैध रास्तों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार कपिल आजाद, विनियमित क्षेत्र विभाग के योगेंद्र कुमार, लेखपाल प्रभात कुमार, छत्रपाल सिंह, राकेश कुमार, संध्या राजपूत सहित राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल मौजूद रहा।

### एक माह पहले प्रमुखता से उठाया गया था मामला

महिला द्वारा रास्ता बंद किए जाने का मामला शाह टाइम्स में प्रमुखता से उठाया गया था। लगातार शिकायतों और समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई और अंततः अवैध निर्माण पर कार्रवाई की।

## केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में अभिभावक-अध्यापक गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में अभिभावक-अध्यापक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की शिक्षा, व्यवहार एवं आवधिक आकलन पर विस्तृत चर्चा की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कहा कि आज के बदलते समय में अभिभावकों और अध्यापकों के बीच निरंतर संवाद अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक बच्चा अलग-अलग परिस्थितियों में अलग व्यवहार करता है। घर पर अभिभावकों के साथ उसका व्यवहार अलग होता है। विद्यालय में अध्यापकों के साथ अलग तथा मित्रों के बीच अलग। ऐसे में बच्चों को सही दिशा देने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों का आपसी संवाद बहुत जरूरी हो जाता है। समय-समय पर बच्चों की गतिविधियों, व्यवहार एवं अध्ययन के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए, जिससे बच्चों को बेहतर ढंग से समझा जा सके और उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग मिल सके। उन्होंने वर्तमान समय में मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बच्चे मोबाइल में अधिक व्यस्त रहते हैं, इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें तथा उन्हें सही और गलत का अंतर समय-समय पर समझाते रहें।

# ऑक्सफोर्ड में अलंकरण समारोह

### 10वीं व 12वीं के टॉपर्स सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा जौहरा अंसारी व कक्षा 12वीं मानविकी में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली स्कूल टॉपर विदिशा गेहरवार को उनके माता-पिता व अभिभावकों सहित मंच पर बुलाकर माला पहनाकर व बुके, प्रशस्ति पत्र आदि देकर धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन एवं विद्यालय की प्रबंध निदेशक लीना सिंघल, प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। साथ ही कक्षा 10वीं के वैभव कुमार 94.4 प्रतिशत व वंशिका चौधरी 94.2 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं से वंशिका पाल 91.8 प्रतिशत व इशिता सिंह 89.6 प्रतिशत तथा वंशिका राजपूत 89.2 प्रतिशत व अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर लीना सिंघल ने कहा कि विद्यालय में व्यतीत किया हुआ समय प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन की नींव की ईंट की तरह होता है। क्योंकि हम अपने अध्यापकों तथा साथियों से प्रतिदिन कुछ न कुछ नया अनुभव सिखते हैं तथा भविष्य का निर्माण भी विद्यालय की शिक्षा पर निर्भर होता है। प्रतिभा किसी जाति, धर्म अथवा क्षेत्र की मोहताज नही होती है आज गांव-गांव से बच्चे बिना किसी ट्यूशन आदि सहयोग के केवल विद्यालय में लगातार उपस्थित रहकर तथा ईमानदारी से कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त कर रहे हैं तथा नहटौर का ऑक्सफोर्ड स्कूल लगातार पिछले 22 वर्षों से क्षेत्र को टॉपर तथा शानदार परीक्षा परिणाम देकर अपना सर्वोच स्थान बनाए हुए है जिसके लिए विद्यार्थी, अभिभावक तथा शिक्षक बधाई के पात्र हैं। लीना सिंघल ने कहा यही बच्चे आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउटेंट, डॉक्टर आदि बनकर क्षेत्र और समाज की सेवा करेंगे इसी कामना और आर्शीवाद से उनके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करती हूं। इस मौके पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद एवं अध्यापक अमित कुमार, महबूब आलम, अनुज कुमार, त्रिमोहन गंगोत्री, सचिन कुमार, पवन सैनी, निशात मिर्जा, नेहा वर्मा, तब्बसुम जैदी, नाजिया सलमानी तथा अभिभावक एवं सीनियर विंग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापक ललित कुमार व बिंसी चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से विद्युतापूर्ति ठप

### ग्रामीणों की सतर्कता से हादसा होने से टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सैदपुरी में रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की सतर्कता से हादसा होने से टल गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सैदपुरी में राजपुर नवादा बिजली घर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। गांव में बिजली आपूर्ति के लिए 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे 100 से अधिक विद्युत कनेक्शन जुड़े हैं। बीती देर शाम बिजली आपूर्ति के दौरान ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिजली घर पर सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई।

थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। लेकिन मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। ट्रांसफार्मर में आग लगने से कई घंटे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

उधर बिजली घर के जेई अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे पड़े कूड़े के ढेर से चिंगारी निकलने के कारण ट्रांसफार्मर में आग लगी थी। ट्रांसफार्मर में कोई तकनीकी खराबी नहीं आई है। आग बुझाने के बाद गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

## आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित आम उत्पादकों को भारी नुकसान

### बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आज दोपहर बाद अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज आंधी और बारिश के चलते कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जबकि सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित रहा। दूसरी ओर आम के बागों में भारी नुकसान होने से बाग स्वामियों की चिंता बढ़ गई है।

दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ शुरू हुई आंधी ने कई स्थानों पर बिजली व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। हवा की तीव्रता के कारण बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए तथा कुछ स्थानों पर खंभों को भी नुकसान पहुंचा, जिससे कई क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

हालांकि बारिश के कारण भीषण गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को मौसम में आए बदलाव से काफी राहत महसूस हुई। जहां एक ओर बारिश गन्ना और अन्य फसलों के लिए लाभदायक मानी जा रही है, वहीं आम उत्पादकों के लिए यह मौसम भारी नुकसान लेकर आया। तेज हवाओं के कारण बड़ी संख्या में कच्चे और तैयार आम जमीन पर गिर गए, जिससे बाग स्वामियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। किसानों का कहना है कि इस समय आम की फसल तैयार होने की स्थिति में थी, लेकिन आंधी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ और टहनियां सड़कों पर गिर गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने स्वयं तथा प्रशासन की मदद से मार्गों को साफ कर आवागमन सुचारु कराया।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

# जबरन ट्रांसफार्मर का तार तोड़ा था, इसीलिए रमजानी ने दम तोड़ा था

## थाने पहुंचे सैंकड़ों लोगों ने भाई-बहनों पर मौहल्ले को परेशान करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम उमरी पीर के दो पक्षों में हुई कहासुनी गाली-गलौच और मारपीट में बदल गई। मारपीट में दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई है। जिन्हें पुलिस द्वारा मेडिकल के लिए भेज दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम उमरी पीर की सैंकड़ों महिलाएं व पुरुष थाने पहुंचे। उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसने अपनी बहनों के साथ मिलकर गांव का माहौल खराब किया हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ये भाई-बहन मिलकर आए दिन पूरे मौहल्ले को गाली देते हैं। समझाने पर भी वह नहीं मानते। बीते दिनों गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद नया ट्रांसफार्मर रखवाया गया था। जिसके एक फेस में लाइट न आने के चलते भाई-बहनों के घर में लाइट नहीं आ रही थी। जबकि मौहल्ले के सभी के घरों में लाइट थी। इसी बात से नाराज युवक और उसकी बहनों ने पूरे मौहल्ले को गाली देनी शुरू कर दी और बाद में ट्रांसफार्मर पर डंडा बजा दिया और 11 हजार विद्युत लाइन का तार तोड़कर पूरे गांव की बत्ती गुल कर दी। बताया जाता है कि इसी विद्युत तार से उलझकर 65 वर्षीय ग्रामीण रमजानी की भी मौत हो गई थी।

उधर ग्रामीणों ने इन साजिश कर्ता भाई-बहनों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई खासा कार्रवाई न करने के चलते डाक द्वारा एसपी को प्रार्थना भिजवाया था। जिसकी भनक लगते ही आज सुबह फिर इन भाई-बहनों ने मौहल्लेवासियों को गाली देनी शुरू कर दी। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। थाने पहुंचने पर जहां खुली चोट वाले पक्ष को मेडिकल के लिए भेज दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के करीब आधा दर्जन लोगों को थाने में बैठा लिया गया।

ग्रामीणों का यह आरोप कि इनके द्वारा गांव में गलत काम कराकर गांव में गंदगी फैलाई जा रही है। पुलिस को तहकीकात करते हुए आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि गांव के छोटे और मासूम बच्चे ऐसे माहौल की जद में आने से बच सके। जब इस पूरे मामले विद्युत विभाग के एसई से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला अभी बताने पर संज्ञान में आया है। इस मामले की अब जांच कराई जाएगी। यदि मामला सही पाया जाता है, तो किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

### क्या विद्युत विभाग दर्ज करायेगा रिपोर्ट ?

बीते दिनों हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से 65 वर्षीय ग्रामीण रमजानी की मौत हो गई थी। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी खूब खरी खोटी सुनने को मिली थी। हालांकि अब ग्रामीणों का यह आरोप कि हाईटेंशन लाइन का तार भाई-बहनों द्वारा तोड़ा गया था, जो सीधे सीधे सरकारी काम में बाधा, सरकारी सांपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित एक व्यक्ति की जान ले लेने की ओर इशारा करता है। जिसके बाद विद्युत विभाग अब क्या कार्रवाई करता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है।

### 11 लोगों पर पूर्व में भी लगा चुकी है रेप का केस?

सूत्र बताते है कि घायल युवक की एक बहन का निकाह ग्राम मसीत में हुआ था जहां से अपना घर छोड़कर वह अब अपने भाई के साथ ही रहा रही है। बताया जाता है कि उक्त महिला द्वारा पूर्व में भी 11 लोगों पर रेप का मुकदमा लिखाया जा चुका है।

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**नहटौर।** जामा मस्जिद के पास पचास रुपए को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय मौहल्ला ऊंचा निवासी शमशाद अहमद का कहना है कि उसके पुत्र रिहान ने मौहल्ला जिगर कॉलोनी निवासी आतिफ से 50 रुपए में मुर्गी के बच्चे लिए थे। उसका पुत्र जामा मस्जिद के निकट अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। कुछ युवक उसके पुत्र से पैसे लेने आए थे। इसी बीच कहासुनी हो गई और वह उसके पुत्र का मोबाइल लेकर चले गए। जब उसने मोबाइल मांगा, तो रास्ते में उसके पुत्र रिहान के साथ मारपीट की। कुछ लोगों ने समझौता कर दिया था। इसके बाद कुछ लोग उसकी दुकान पर दोबारा से आए और मारपीट शुरू कर दी। इसके अलावा शकील पक्ष का कहना है कि उसका पौत्र मौहल्ला मौलवियान से होकर जा रहा था। शमशाद पक्ष ने उसके पौत्र को रोक कर गाली देने लगे और बदतमीजी करने लगे। जब उसने जाकर इस बारे में जानकारी की, तो कई लोगों ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट की गई। मारपीट में कई लोग घायल होना बताए जा रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### भीषण गर्मी में शरबत पिलाया



**किरतपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अंसारी मेडिकल स्टोर की ओर से ठंडे शरबत का वितरण किया गया। शिविर में सैकड़ों राहगीरों, यात्रियों एवं स्थानीय लोगों ने शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों की सेवा करना एक नेक कार्य है। शिविर में लोगों को स्वच्छ एवं ठंडा शरबत वितरित किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में मुस्लिम फंड शाखा भोजपुर के मैनेजर शिहाब अतहर खान उर्फ कल्लू खान, मतीन अहमद, सुहैल अहमद, शाद अंसारी, लियाकत, सलीम मलिक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस जनसेवा कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### राहगीरों को शरबत का वितरण



**धामपुर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से धामपुर के जैतरा फाटक के पास शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों को शरबत पिलाना एक पुण्य कार्य है और इससे लोगों को राहत मिलती है। शरबत वितरण के दौरान लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर डा. दिनेश कुमार, अमित कुमार, डा. राहुल, लाजपत राय मुखिया, राजीव कुमार सहित अन्य लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। शरबत वितरण कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता और सेवा भाव का संदेश भी दिया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

### महिलाओं पर गुलदार का हमला



**नहटौर।** ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग निवासी नीता पत्नी टीकम व नाजमा पत्नी खुर्शीद आदि महिलाएं जंगल में चारा लेने के लिए गई थी। बताया जाता है कि नीता पर गुलदार ने हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर गुलदार भाग गया। उससे करीब 300 मीटर दूरी पर ही जंगल में चारा काट रही नाजमा पर भी गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। जंगल में दो महिलाओं पर गुलदार हमला करने से दहशत का माहौल पैदा हो गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नीता को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रैफर किया गया है। सूचना पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली। गुलदार को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगाया गया है। दूसरी ओर नहटौर शादीपुर मार्ग पर गन्ना क्रेशर के पीछे भी गुलदार ने दो गौवंशों को मार डाला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

### आंधी-बारिश से पेड़ गिरे



**चांदपुर।** पिछले कई दिनों तेज धूप और लू के थपेड़ों से आज हल्की बारिश के बाद आमजन को थोड़ी राहत मिली। इस दौरान तेज हवाओं और आंधी बारिश के कारण बास्टा मार्ग पर ग्राम अकोंधा के पास यूकेलिप्टिस का विशालकाय पेड़ गिरने से मार्ग काफी देर तक बाधित रहा, हालांकि किसी जनहानि की कोई सूचना नहीं है। आज आंधी के बाद हुई हल्की बारिश से भीषण गर्मी में हर आम जन को एक बड़ी राहत मिलने से सभी ने ऊपर वाले का धन्यवाद किया है। नगर में हल्दौर रोड, स्याऊ बिजनौर रोड, नूरपुर रोड, धनोरा रोड पर भी तेज आंधी की वजह से रहा आवागमन बाधित रहा।



# श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस

## कथित बॉयफ्रेंड को टैग कर लिखाः कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक फनी डांस वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह पजामा पहनकर डांस करती नजर आईं। श्रद्धा ने माइकल जैक्सन के गाने बैड पर डांस किया।

जिसमें उनके मजेदार और एनर्जेटिक मूव्स दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो के साथ-साथ उनके कैप्शन ने लोगों का ध्यान खींचा। अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए।' जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह वीडियो राहुल मोदी ने रिकार्ड किया है। श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा पहली बार 2024 की शुरुआत में तब हुई, जब दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट के बाद साथ देखा गया था। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं किया है, लेकिन उन्हें अक्सर साथ स्पाट किया गया है। वहीं, इसी साल जनवरी के महीने में सोशल मीडिया पर श्रद्धा की शादी की चर्चाएं तेज हुई थीं। दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है। जिसके बाद इन दावों पर श्रद्धा के भाई और एक्टर सिद्धांत कपूर ने मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी थी। सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हैरानी और हंसी वाले इमा. जी के साथ लिखा था, 'ये तो मेरे लिए भी न्यूज है।


**दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है।**

# बंदर के किरदार से है बॉबी देओल का गहरा कनेक्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने अपनी आगामी फिल्म बंदर में निभाए जा रहे किरदार को लेकर अपने अनुभव साझा किए हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों में उत्साह बढ़ गया है।फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है और इसे निखिल द्विवेदी के सैफरन मैजिकवर्क्स तथा जी स्टूडियोस के सहयोग से बनाया गया है। बॉबी देओल ने कहा कि वह जिस माहौल में बड़े हुए हैं, वहां उन्होंने हमेशा अपने परिवार, विशेषकर बहनों की सुरक्षा और उनके भविष्य को लेकर चिंता महसूस की। उन्होंने बताया कि पुरुष-प्रधान समाज में पले-बढ़े होने के कारण उनके भीतर एक अलग तरह की संवेदनशीलता विकसित हुई है, जो उनके इस किरदार में भी दिखाई देती है। फिल्म में बॉबी देओल समीर मेहरा का किरदार निभा रहे हैं, जो एक ढलता हुआ पॉप स्टार है और यौन शोषण के आरोपों के बाद कोर्टरूम ड्रामा और मीडिया ट्रायल का सामना करता है। कहानी एक जटिल कानूनी और सामाजिक संघर्ष को दर्शाती है, जिसमें वह खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करता है। 'बंदर' को सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखा है, जो 'पाताल लोक', 'कोहरा' और 'उड़ता पंजाब' जैसी सराही गई कहानियों के पीछे की मशहूर जोड़ी हैं।

# पारुल गुलाटी ने सूफी बिस्मिल के साथ मनवा मेरा में एक नया म्यूजिक वीडियो जारी किया



**मुंबई।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने मशहूर भारतीय सूफी सिगर बिस्मिल के साथ रिलीज हुए नए म्यूजकि वीडियो 'मनवा मेरा' में अपनी दमदार मौजूदगी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। 29 मई को रिलीज हुए इस गाने ने सोशल मीडिया पर आते ही चर्चा बटोरनी शुरू कर दी है। फैंस इस भावनात्मक जुड़ाव और म्यूजकि वीडियो की शानदार विजुअल स्टोरीटेलिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। मनवा मेरा एक रोमांटिक म्यूजकिल अनुभव है, जिसमें प्यार, जलन, तड़प और पजे. सिवनेस जैसी भावनाओं को खूबसूरती से दिखाया गया है। बिस्मिल की सूफियाना आवाज और शानदार विजुअल्स मिलकर इस गाने को बेहद इमोशनल और इंटेंस बनाते हैं। इस म्यूजकि वीडियो की सबसे बड़ी खासियत पारुल गुलाटी का अलग-अलग लुक्स और शेड्स में नजर आना है, जो उनके किरदार के कई पहलुओं को सामने लाता है। यह पारुल गुलाटी और बिस्मिल का पहला साथ काम करने वाला प्रोजेक्ट है, जिसमें दो अलग-अलग क्रिएटिव दुनिया के कलाकार एक साथ आए हैं। जहां बिस्मिल की सूफी गायकी गाने को गहराई देती है, वहीं पारुल की स्क्रीन प्रेजेंस और स्टाइलिग वीडियो को और भी खास बनाती है।

# होम्बले फिल्मस ने किया एलो का नाय पहला वार का ऐलान

**मुंबई।** मशहूर प्रोडक्शन हाउस 'होम्बले फिल्म्स' ने आधिकारिक तौर पर अपनी पहली हिप-हॉप म्यूजिकल स्टोरी 'एतो का नाय' का एलान कर दिया है।

अलग-अलग संस्कृतियों और भाषाओं में अपनी कहानियों का दायरा बढ़ाते हुए, प्रोडक्शन हाउस ने इस फिल्म के हिंदी वर्जन एतो का नाय-पहला वार की भी घोषणा की है। यह युवाओं के कल्चर, रिदम, इमोशन और असलियत से सजी एक बेहद फ्रेश और एनर्जेटिक म्यूजिकल जर्नी की शुरुआत है, जिसकी पूरी कहानी सपनों के शहर मुंबई के बैकड्रॉप पर आधारित है। अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज में लगातार सफलता का परचम लहराने वाले 'होम्बले फिल्म्स' ने भारत के अग्रणी कंटेंट-ड्रिवन प्रोडक्शन बैनर्स में अपनी एक मजबूत जगह बनाई है। यह बैनर क्षेत्रीय कहानियों को उनके इमोशनल और सांस्कृतिक वजूद को बरकरार रखते हुए एक बड़े सिनेमाई स्तर पर लाने के लिए जाना जाता है।

# शादी और उम्र पर ट्रोल करने पर भड़कीं शमिता

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी की बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी उम्र और शादी को लेकर कमेंट करने वाले ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक स्क्रीनशाट शेयर करते हुए शमिता ने उन लोगों पर निशाना साधा जो सिंगल महिलाओं को ऐज-शेम करते हैं। 47 वर्षीय शमिता ने कहा कि वे शादी करने की किसी जल्दबाजी में नहीं हैं और अपनी जिंदगी में बेहद फिट और खुश हैं। उन्होंने ट्रोलर्स की पुरुष-प्रधान और पिछड़ी सोच पर आपत्ति जताते हुए उन्हें तुरंत अनफालो करने की सलाह दी है। शमिता शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ट्रोलर की पोस्ट का स्क्रीनशाट शेयर किया। इसमें यूजर ने लिखा था कि आपकी उम्र हो गई है और अब पहले वाली बात नहीं रही। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शमिता ने लिखा, श्हां, मैं अब अलग दिखूंगी। समय के साथ चीजें बदलती हैं और यह जीवन का प्राकृतिक नियम है। शारीरिक बनावट सहित कुछ भी हमेशा के लिए एक जैसा नहीं रहता। लेकिन अपनी उम्र के हिसाब से मैं पूरी तरह स्वस्थ, फिट और खुश हूं। मेरे लिए सिर्फ यही मायने रखता है। यूजर ने शमिता की शादी को लेकर भी टिप्पणी की थी कि अगर समय पर शादी कर लेतीं तो आज बच्चे बड़े हो गए होते।

# मैं ओपन रिलेशनशिप में हूं: शहाना गोस्वामी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने हाल ही में बताया कि वह बिना किसी प्राइमरी पार्टनर के ओपन रिलेशनशिप में हैं। सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में शहाना ने कहा कि फिलहाल मेरी जिंदगी में ऐसा कोई एक खास पार्टनर नहीं है। मेरी जिंदगी में कई लोग हैं, जिनसे मेरा लंबे समय से जुड़ाव है, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं। मेरे लिए कोई भी रिश्ता हल्का या टाइमपास नहीं होता।'

उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए ओपननेस का मतलब यह है कि किसी एक इंसान के साथ तय रिश्ता जरूरी नहीं है, लेकिन लोगों के साथ जुड़ाव और अपना. पन बना रहता है। कभी वह सिर्फ दोस्ती होती है, कभी रिश्ता थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हर चीज को किसी एक नाम या दिशा में बांधना जरूरी नहीं है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# माधुरी दीक्षित का फेक वीडियो वायरल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस एक रिवीलिंग ब्लैक ड्रेस में दिख रही हैं, जिसे देखकर कई लोगों ने उनके पहनावे पर कमेंट करने शुरू कर दिए। हालांकि, वीडियो को लेकर पत्रकार जयदीप पांडेय ने दावा किया कि यह वीडियो फेक एआई वीडियो है। जयदीप ने एक यूजर को रिप्लाई करते हुए लिखा, श्यह माधुरी दीक्षित का एआई से बनाया गया फर्जी वीडियो है। कृपया ऐसी कोई भी चीज पोस्ट या शेयर करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर कर लें। वायरल वीडियो में माधुरी दीक्षित जिस तरह की ड्रेस में दिख रही हैं, वैसी ही ड्रेस उन्होंने 2026 में न्यूज 18 के अवार्ड शो में पहनी थी। कई यूजर्स ने इस वीडियो को शेयर किया। वहीं, एक यूजर की पोस्ट पर कम्यूनिटी नोट जारी कर एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने कहा कि वीडियो पूरी तरह से एआई की मदद से तैयार किया गया है।



# कंगना रनौत ने आम इंसान को बताया असली भारत भाग्य विधाता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने आम इंसान को असली 'भारत भाग्य विधाता' बताया है। कंगना रनौत इन दिनों अपनी नई फिल्म भारत भाग्य विधाता को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस बीच उन्होंने फिल्म के विषय और संदेश पर खुलकर बात की और कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि यदि एक दिन के लिए अस्पतालों में नर्सें काम पर न आएं, स्कूलों में स्टाफ न पहुंचे, रेलवे का संचालन ठप हो जाए, शहर की सफाई व्यवस्था बंद हो जाए और सिनेमाघरों का स्टाफ भी छुट्टी पर चला जाए, तो पूरा सिस्टम पूरी तरह रुक सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन लोगों पर पूरा सिस्टम चलता है, उन्हें हम 'आम आदमी' क्यों कहते हैं। कंगना के अनुसार, यही लोग प्रतिदिन अपने कार्यों से देश और समाज को चलाते हैं, और वास्तविकता में वही देश की असली ताकत हैं, जिन्हें 'भारत भाग्य विधाता' कहा जाना चाहिए। निर्माण पेन स्टूडियो, मणिकर्णिका फिल्म्स, परमहंस क्रिएशन्स, यूनोइया फिल्म्स एलएलपी और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है।

# 'रामायणम्' के सीन्स कोरियोग्राफ करेंगे हॉलीवुड के दिग्गज

**मुंबई।** फिल्म 'रामायणम्' के मेकर्स ने अपने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सिनेमाई अनुभव देने के लिए हॉलीवुड के प्रसिद्ध एक्शन कोरियोग्राफर्स को भी टीम से जोड़ लिया है। 'रामायणम्' भारतीय सिनेमा के अब तक के सबसे भव्य और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक के रूप में उभर रही है। दो भागों की इस महागाथा का उद्देश्य भारतीय महाकाव्य 'रामायण' को एक नए और वैश्विक सिनेमाई स्तर पर प्रस्तुत करना है, जिसमें दमदार कहानी और वर्ल्ड-क्लास विजुअल्स का शानदार संगम देखने को मिलेगा। रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी और सनी देओल जैसे बड़े सितारों से सजी फिल्म को लेकर दर्शकों में पहले ही जबरदस्त उत्सुकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टंट और एक्शन आर्टिस्ट्स में टेरी नोटरी और गाय नॉरिस जैसे नाम शामिल हैं। टेरी नोटरी ने 'प्लैनेट ऑफ द एप्स' और 'द एवेंजर्स' जैसी फिल्मों में काम किया है, जबकि गाय नॉरिस 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड', फ्युरिओसाः ए मैड मैक्स सागा और 'द सुसाइड स्क्वाड' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इनका जुड़ना फिल्म के भव्य विजन को और अधिक वैश्विक आयाम देता है।